

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 19 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-141 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप



### राष्ट्रपति आयेंगी छत्तीसगढ़

**रायपुर 9 अगस्त।** राष्ट्रपति छत्तीसगढ दौरे पर आ रही है। 31 अगस्त को वो दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ दौरे पर आयेंगी और रायपुर और बिलासपुर के दौरे में शामिल होंगी। इस दौरान उनके सम्मान में राजभवन में रात्रि भोज का भी आयोजन किया जाएगा । राष्ट्रपति मुर्मू इंडियन एयरफोर्स के विशेष विमान से 31 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे रायपुर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू का प्रस्तावित दौरा 1 सितंबर को बिलासपुर जाने का है। जहां वो दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति रायपुर से हेलीकॉप्टर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगी। जहां वे सबसे पहले रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में दर्शन करेंगी और उसके बाद बिलासपुर स्थित गुरु घासी दास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उससे पहले 31 अगस्त को वो सुबह 10 बजे रायपुर पहुंचेंगी। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे राजभवन आएंगी।राष्ट्रपति मुर्मू यहां बलौदबाजार रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय ट्रस्ट शांति सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। जानकारी के मुताबिक साथ ही वे गुरुघासी दास संग्रहालय का दौरा करेंगी। इस दौरान राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन भी उनके साथ रहेंगे। ।

### आटो पार्ट्स दुकान में आग

**बलौदाबाजार,19 अगस्त।** जिले से आगजनी की खबर सामने आ रही है। यहां कसडोल नगर स्थित आटो पार्ट्स की दुकान में भयंकर



आग लग गई। देर रात इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यहां रखी 9 बाइक आग की चपेट में आ गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया. फ़िलहाल आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। यह घटना कसडोल नगर के गायत्री चौक स्थित लखेश्वर आटो पार्ट्स की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# सितंबर के पहले हफ्ते में जारी होगी कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची

## कांग्रेस का 75+ का लक्ष्य : वेणुगोपाल ने ली पॉलिटिक्स अफेयर्स कमेटी की बैठक

**रायपुर,19 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा प्रत्याशियों के ऐलान के बाद अब कांग्रेस भी एक्शन मोड में आ गई है. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया कि कांग्रेस की पहली लिस्ट 6 सितंबर तक आ जाएगी.

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 75+ का लक्ष्य निर्धारित किया है। यानी कांग्रेस 90 विधानसभा सीटों में से 75 सीटों पर जीत हासिल करने की तैयारी कर रही है। आज सुबह राजीव भवन में हुई उच्चस्तरीय बैठक में 75+ पर गंभीरता से चर्चा हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल, पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के चेयरमेन अजय माकन, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी सचिव चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, तथा विजय जांगिड़, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि 75+ के लक्ष्य को किस तरह से प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में इसके लिए उपायों व रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। वेणुगोपाल ने एकजुटता तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को चार्ज करने पर बल दिया। भाजपा द्वारा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने का क्या असर होगा तथा क्या स्थिति बन रही है इस पर मंथन किया गया। कांग्रेस पार्टी में टिकिट के दावेदारों से 31 अगस्त तक आवेदन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक में इस संभावना की भी तलाश की गई कि क्या कांग्रेस भी अपनी पहली सूची शीघ्र जारी कर सकती है। बैठक में घोषणा पत्र तथा चुनाव के लिए गठित विभिन्न समितियों सहित मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के छग प्रवास की तैयारियों पर चर्चा हुई। आज ही दोपहर पर्यवेक्षकों की भी बैठक ली गई। कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एक से पांच सदस्यों का पैनल जिला कांग्रेस को देंगे. 24 अगस्त तक आवेदन लिए जाएंगे. 26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी सभी आवेदनों को जिला कांग्रेस को देगी. जिला कांग्रेस कमेटी आंकलन करने के बाद अधिकतम तीन नामों का प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज सकती है.

# आयुष्मान भारत योजना की डब्लूएचओ चीफ ने की तारीफ

**नई दिल्ली,19 अगस्त।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने को स्वास्थ्य कवरेज और योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत की सराहना की. डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, मैं यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज और आयुष्मान भारत योजना को आगे बढ़ाने में भारत के कदमों की सराहना करता हूं, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन पहल है. उन्होंने एक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र की अपनी यात्रा को भी याद किया और वहां प्रदान की जा रही सेवाओं की सराहना की. उन्होंने कहा, मैंने यहां गांधीनगर में एक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र का दौरा किया और एचडब्ल्यूसी द्वारा 1000 घरों को



प्रदान की जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से प्रभावित हुआ.डॉ. टेड्रोस ने गुजरात के गांधीनगर में चल रही जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की. अपने संबोधन की शुरुआत में, डॉ. टेड्रोस ने जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी में भारत के शानदार आतिथ्य और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए भारत को धन्यवाद दिया

### सर्वे के लिए जाति विवरण देना कैसे नुकसानदायक : सुको

**नई दिल्ली,19 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि अगर किसी व्यक्ति ने बिहार जाति सर्वेक्षण के दौरान जाति या उप-जाति का विवरण प्रदान किया तो इसमें क्या नुकसान है, जबकि राज्य की ओर से किसी व्यक्ति का डाटा प्रकाशित नहीं किया जा रहा था। शीर्ष अदालत पटना हाईकोर्ट के 1 अगस्त के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने जाति सर्वेक्षण को आगे बढ़ाया था। इनमें से कुछ याचिकाओं में दावा किया गया है कि यह अभ्यास लोगों की निजता के अधिकार का उल्लंघन है।



# लद्दाख की वादियों में राहुल गांधी ने की बाइक राइड

**श्रीनगर,19 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद-कारगिल (एलएएचडीसी-कारगिल) के लिए मतदान से कुछ हफ्ते पहले अपनी लद्दाख यात्रा के दौरान पैंगोंग झील गए। वायनाड सांसद ने इंस्टाग्राम पर लद्दाख की अपनी बाइक यात्रा की 10 तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरें शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, 'पैंगोंग झील के रास्ते में, जिसके बारे में मेरे पिता कहा करते थे कि यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है।' कुछ तस्वीरें कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल से भी साझा की गई और कैप्शन दिया गया, ऊपर और आगे - अजेय! उम्मीद की जा रही है कि गांधी पैंगोंग झील के पास एक पर्यटक शिविर में रात भर रुकेंगे। कांग्रेस के लेह जिले के प्रवक्ता और एलएएचडीसी-लेह में विपक्ष के नेता त्सेरिंग नामग्याल ने शुक्रवार को कहा, वह पैंगोंग झील नहीं गए हैं और इसे देखना चाहते थे और कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहते थे। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में विभाजित किए जाने के बाद से राहुल की यह पहली लद्दाख यात्रा है। राहुल गांधी गुरुवार को लद्दाख पहुंचे और लेह हवाई अड्डे पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने शुक्रवार को लेह में एक कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत की। एक इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि भारत को 1947 में आजादी मिली और भारत में आजादी का सुदृढ़ीकरण संवैधानिक है। संविधान एक कदम है... जिस तरह से आप संविधान को क्रियान्वित करते हैं, वह संस्थानों की स्थापना करके होता है जो संविधान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। लोकसभा और राज्यसभा इन सभी तत्वों को मजबूर करती हैं... अब आरएसएस जो कर रहा है वह यह है कि वह अपने लोगों को संस्थागत ढांचे के प्रमुख स्थानों पर रख रहा है।

### रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस में आग

**बेंगलुरू,19 अगस्त।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू के संगोल्ली रायन्ना रेलवे स्टेशन पर उद्यान एक्सप्रेस में आग लगने की खबर है. बताया जा रहा है कि इस हादसे में किसी के हताहत या घायल होने की कोई खबर नहीं है. बताया जा रहा है कि ट्रेन के रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के दो घंटे बाद उसमें आग गई. तब तक ट्रेन के सभी यात्री जा चुके थे. इसलिए किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ. अगर यात्रियों के उतरने से पहले ही ट्रेन में आग लग जाती तो इसमें कई लोगों को जान जा सकती थी। ट्रेन में आग लगते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया.

# नकली किन्नरों ने घर घुसकर की लूट

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,19 अगस्त।** राजधानी की रावतपुरा कालोनी में साहू परिवार के घर में घूसकर नकली किन्नरों द्वारा लूटपाट की गई। इस मामले में टिकरापारा थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। 15 अगस्त को हुई लूट की शिकायत पर थाना पुलिस ने अब तक एफआईआर नहीं किया है, जबकि इस मामले में चार कथित किन्नरों ने एक घर में घुसकर न सिर्फ परिवार को आतंकित किया, बल्कि उनसे 20 हजार रुपए लूटकर भी फरार हो गए। नकली किन्नरों के घर में घुसने और निकलने का सीसीटीवी



फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक किन्नर सड़क पर निगरानी करते हुए दिख रही है। पीड़ित दंपती ने बताया कि उनके यहां छोटा बच्चा हुआ था, इसी का बहाना लेकर 4 नकली किन्नर उनके घर घुस आए। बच्चा होने पर सोने के कंगन की मांग करने लगे। आक्रमक होकर परिवार पर दबाव डालने लगे। पीड़ित साहू परिवार ने डर कर उन्हें पहले 1 हजार फिर 3 हजार रुपए देने की पेशकश की तो वो अश्लील हरकतें भी करने लगे। मामले में टिकरापारा थाना प्रभारी का कहना है कि अब तक शिकायत नहीं मिली है जबकि पीड़ित परिवार साफ कह रहा है कि उसने शिकायत की थी और सोचा कि एफआईआर हुई है लेकिन उन्हें बदले में इसकी प्रतिलिपी नहीं दी गई। मीडिया में मामला सामने आने के बाद थाना प्रभारी जांच की बात अब कह रहे हैं। पीड़ित साहू परिवार ने बताया कि उनके पड़ोसी के घर में बच्चा हुआ था। जिसकी सूचना मिलने के बाद किन्नर वहां पहुंचे और पैसे की मांग की। इसके बाद वहां से उनको पता चला कि पीड़ित के घर भी बच्चा हुआ है। जिसके बाद वह वहां पहुंचे और पूरी वारदात को अंजाम दिया।




**रायपुर, 19 अगस्त। राजधानी में जी-20 की बैठक के लिए जोरदार तैयारियां चल रही है। शहर को संवारा जा रहा है।**

# प्रत्याशियों का ऐलान होते ही भाजपा में बवाल

**महासमुंद,19 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा में टिकट का ऐलान होते ही प्रत्याशी का विरोध भी होने लगा है. सरायपाली विधानसभा भाजपा प्रत्याशी सरला कोसरिया का गाड़ा समाज के भाजपा के पदाधिकारियों ने जोरदार विरोध किया है और महापंचायत रखकर सर्वसम्मति से सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी है. बैठक में समाज के बूथ स्तर से संगठन के पदाधिकारी तक सभी ने इस्तीफा देने का फैसला लिया है बता दें कि सरायपाली विधानसभा में गाड़ा समाज के वोटरों की संख्या 40 हजार है. बैठक में गाड़ा समाज के भाजपा के बड़े नेता मौजूद रहे. गाड़ा समाज की बैठक में प्रतिनिधियों ने भाजपा संगठन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है. समाज ने फैसला लिया है कि समाज के जितने भी कार्यकर्ता गाड़ा समाज से हैं वह संगठन से सामूहिक इस्तीफा देंगे. गाड़ा समाज के अध्यक्ष जगदीश चौहान ने कहा कि गाड़ा समाज के करीब चालीस हजार मतदाता हैं. साथ ही सरायपाली विधानसभा में भाजपा के मंडल व मोर्चा में समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैं. इसके बावजूद भाजपा संगठन के नेतृत्व ने समाज की अपेक्षा की है, जिससे समाज के लोगों में नाराजगी है.

### 'टेलीविजन शो' इंडियाज गाट टेलेंट में अबूझमाड़ की उपस्थिति

# छत्तीसगढ़िया के लय को गुनगुनाएगी दुनिया

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

हमारे राज्य में इन दिनों आगामी नवम्बर 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के कारण राजनैतिक माहौल बेहद गर्म है। इस चुनाव के लिए मतदान की पात्रता रखने वालों के साथ युवा वर्ग में उत्सुकता बनी हुई है। केंद्र और राज्य में अलग-अलग दलों की सत्ता है। इसके अलावा अन्य पार्टी भी अपनी मौजूदगी दिखला रही है। राजनीति का यह खेल तो हर पांच साल में होता रहेगा लेकिन जीवन में मनोरंजन का अपना महत्व है। बगैर उसके जिंदगी को मजेदार अंदाज में जीने की कोई विशेष तरीका नहीं है। हमारे देश में 1982 से रंगीन टेलीविजन का प्रसारण आरंभ हुआ इसके पश्चात मनोरंजन के कई द्वार खुल गए। दर्शकों की पसंद के अनुसार टेलीविजन सीरियल बनने लगे। सामान्य ज्ञान, प्यार, रोमांच, समाज सेवा कॉमेडी, विज्ञान, ऐतिहासिक, चिकित्सा, शिक्षा आदि क्षेत्रों से संबंधित रोचक सीरियल बनने लगे। इन सब क्षेत्रों के अपने पसंद करने वाले लोग हैं।

छत्तीसगढ़ की दृष्टि से इन दिनों चर्चा में टेलीविजन शो-इंडियाज गॉट टेलेंट का है जिसमें अबूझमाड़ (नारायणपुर) क्षेत्र के बच्चे, किशोर, नौजवान अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं। खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ की यह टीम 14वें नंबर पर पहुंच चुकी है। आगे चलकर इस शो के अलग-अलग प्रतिभागियों के टेलेंट के बीच कड़ा मुकाबला होगा और दर्शकों द्वारा प्रदत्त समर्थन याने वोट के माध्यम से हार जीत तय होगा। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे सोनी टीवी पर प्रसारित वर्ल्ड प्रीमियर



को देखें और अबूझमाड़ की टीम के द्वारा मलखंब के माध्यम से आश्चर्यचकित कर देने वाले कारनामें को अपना व अपने परिवार, मित्रों का वोट दिलवाये।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में आज तक इतनी ऊंचाइयों में जाने का किसी भी विधा के किसी भी टीम को प्राप्त नहीं है। अबूझमाड़ की मलखंब के हमारी टीम के बारे में आपको जानकारी मिलेगी तो आप हतप्रभ रह जायेंगे। इस तरह के टेलीविजन शो में इसके पहले इन बच्चों, किशोरों, युवाओं ने कभी भी कैमरे का सामना नहीं किया था। टीम में कुछ तो ऐसे हैं जिन्होंने ट्रेन का इतना लंबा सफर जिंदगी में पहली बार किया। सुदूर घने जंगल में गोलियों की आवाज सुनकर पले बढ़े इन प्रतिभागियों को कभी इतना बढ़िया भोजन, आवास, परिवहन सुविधा नहीं मिली जो इन दिनों उन्हें मुंबई में मिल रही है। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक निवासी या फिर छत्तीसगढ़ को प्यार करने वाले सभी प्रियजनों को मलखंब के इन जांबाज खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करना चाहिए। प्रतिभागी जिस तरह का प्रदर्शन इस शो में दिखा रहे हैं वह केवल बहादुर ही कर सकते हैं परंतु इस खेल में जोखिम भी बहुत है। भाग लेने वाले अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं आप उन्हें ना सिर्फ वोट के द्वारा समर्थन देवे बल्कि उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना अपने-अपने ईष्ट देव से करें। छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है कि एक नौजवान प्रशिक्षक मनोज प्रसाद की दूरदर्शिता की वजह से आज पूरी दुनिया में अबूझमाड़ के साथ छत्तीसगढ़ का नाम रौशन हो रहा है साथ ही राज्य मलखंब संघ का योगदान यादगार रहेगा। खेल के मैदान में हार या जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं लेकिन हमारे खिलाड़ी यह अद्भुत सफलता प्राप्त कर लेते हैं तो इससे छत्तीसगढ़ में खेल की संस्कृति को मजबूती मिलेगी। आईये हम सब मिलकर अपने खिलाड़ियों की इंडियाज गाट टेलेंट में सुरक्षित सफलता की कामना करें और जब भी वोटिंग करने कहा जाएगा हम आगे बढ़कर मदद के लिए कृतसंकल्पित रहें।

# पिछड़ा वर्ग के बस्तर बंद का कांकेर जिले में व्यापक असर

**कांकेर,19 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सर्व अन्य पिछड़ा वर्ग के द्वारा 19 अगस्त शनिवार को बस्तर बंद का आह्वान किया गया था जिसका जिला मुख्यालय कांकेर में व्यापक असर देखने मिल रहा है। शहर और गांवों में सभी दुकानें बंद है। मांगे पूरी नहीं होने को लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग ने बंद बुलाया है। सर्व अन्य पिछड़ा वर्ग समाज ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर बस्तर बंद कराया है। जिसका असर कांकेर जिले में देखने को मिला. सुबह से सारी दुकानें बंद रही। कांकेर मुख्यालय के अलावा चारामा, भानुप्रतापुर, पखांजुर, अन्तागढ़, नरहरपुर ब्लॉक में भी बंद का असर देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो में भी व्यवसायी खुद ही दुकानें और बाजार बंद कर रहे हैं। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के बन्द को चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी समर्थन दिया है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के 52 प्रतिशत आबादी के आधार पर 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग किया जा रहा है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का स्वतंत्र मंत्रालय की स्थापना की घोषणा की गई है, जिसे तत्काल लागू करने की मांग की जा रही है। बस्तर संभाग के हर जिले में वर्तमान में लागू 14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण रोस्टर शत प्रतिशत लागू करने और वर्तमान में हो रही विभागीय भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों के साथ न्याय करने की मांग की गई है। बस्तर संभाग के अन्य पिछड़ा वर्ग को परंपरागत वनवासी होने के नाते पांचवी अनुसूची में शामिल करने की मांग भी ओबीसी वर्ग ने की है।



## एक नजर

### शिवनाथ नदी में पुराने पुल के पास युवक की लाश मिली

**भिलाई 19 अगस्त।** पुलगांव थाना क्षेत्र शिवनाथ नदी में पुराने पुल के पास एक युवक की लाश मिली है स्थानीय मछुआरों ने लाश को नदी से बाहर निकाला अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है अजोरा चौकी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है पुलगांव टीआई अनंत शुक्ला ने बताया कि शिवनाथ नदी में युवक की लाश उतराती नजर आई मृतक की उम्र करीब 30 से 35 साल के आसपास है उसने सिर पर सफेद रंग का रूमाल बाधा हुआ है और लाल शर्ट और नीले रंग की जींस पहनी हुई है आशंका जताई जा रही है कि लाश अधिकतम एक दिन पुरानी है उसके पहचान के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### मकान का ताला तोड़कर घर में चोरी

**भिलाई 19 अगस्त।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के देव नगर जरवाय के एक घर मैं चोरी की घटना हुई है। अज्ञात आरोपित ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखें चांदी की करघन को चोरी कर लिया। शिकायत पर पुरानी मिलाई- पुलिस ने प्राथमिकी कर आरोपित की तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि कंचन इस्पात के पास देव नगर जरवाय निवासी शिकायतकर्ता सरिता सांडे ने चोरी की शिकायत की है। वह 8 अगस्त को अपने बच्चे साथ अपने मायके अमरटापू मोतिमपुर जिला मुगेली चली गई थी दो दिन बाद उसे जानकारी मिली कि उसके घर में चोरी हो गई है।

### निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस पर ली शपथ




**भिलाई, 19 अगस्त।** निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस पर जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म तथा भाषा भेदभाव के बिना भावनात्मक एकता और सद्भावना से कार्य करने की शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। इसी कड़ी में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार में अधिकारी एवं कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव के बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने का शपथ दिलाया।

### पाटन में पंजे को उखाड़ कर लहराएंगे कमल का पताका: बंछोर

**जामुल 19 अगस्त।** नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद रेखराम बंछोर ने सांसद विजय बघेल को बीजेपी द्वारा पाटन से विधानसभा चुनाव हेतु प्रत्याशी बनाये जाने का स्वागत करते हुए



कहा है कि चुनावी अभियान में वे पूरी ताकत और शिद्दत के साथ तन मन धन से सहयोग करेंगे और निश्चित ही पाटन की धरा पर कांग्रेस के पंजे को उखाड़ कर वहां कमल का पताका लहराएंगे। बंछोर ने कहा कि एक बात तो बिल्कुल अटल है यदि कोई भूपेश बघेल को हरा सकता था या है तो वह केवल और केवल विजय बघेल हैं। अब आने वाले समय में परिणाम जो भी हो लेकिन पार्टी का यह बहुत सही और समसामयिक निर्णय है। बंछोर ने प्रदेश के आला नेताओं सहित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का भी धन्यवाद दिया है कि पाटन समेत पूरे छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का और इच्छाओं का सम्मान करते हुए विजय बघेल को पाटन विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया गया।

### परसाई जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन 20 को

**भिलाई, 19 अगस्त ।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजनपीठ द्वारा 20 अगस्त रविवार को इंडियन काफी हाऊस सेक्टर-10 में सुबह 11 बजे व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जन्म शताब्दी समारोह आयोजित है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रमेश तिवारी समालोचक एवं शिक्षाविद् नई दिल्ली आमंत्रित किये गये हैं। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के चार मूर्धन्य व्यंग्यकार त्रिभुवन पाण्डेय, विनोद शंकर शुक्ल, लतीफ घोंघी और प्रभाकर चौबे के साहित्यिक योगदान पर छत्तीसगढ़ के विद्वान साहित्यकार अपना व्याख्यान देंगे। बख्शी सृजनपीठ के अध्यक्ष ललित कुमार ने साहित्यकारों एवं साहित्य प्रेमियों से आयोजन में सहभागिता का अनुरोध किया है।

### बीएसपी कर्मी कृष्ण कुमार पाटिल को डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर

**भिलाई, 19 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कृष्ण कुमार पाटिल, छत्तीसगढ़ी भाषा के शास्त्रीय रागों पर आधारित किताब, जय छत्तीसगढ़ दाई के लिए विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ (भागलपुर बिहार) से विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर से विभूषित हुए। कृष्ण कुमार पाटिल, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकार, बहुमुखी प्रतिभा के धनी गायक, रचनाकार एवं वादक हैं। उनकी यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ी समाज के लिए गौरव का क्षण है। वे भिलाई इस्पात संयंत्र के मार्स-2 के कार्मिक हैं। पाटिल मुख्यमन्त्री द्वारा संगीत सम्मान -2019 से सम्मानित हैं। डॉ पाटिल छत्तीसगढ़ी भाषा मे राग आधारित गायन एवं लेखन करने वाले एकमात्र कलाकार हैं।



# मोर मकान-मोर आस योजना के तहत 41 हितग्राहियों को मिला आवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 अगस्त।** निगम क्षेत्र के 41 हितग्राही अब अपने स्वयं के आवास में निवास करेंगे लॉटरी के माध्यम से अपना मकान पाकर खुशी से झूम उठे । नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) के तहत किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को आवास आबंटन के लिए लॉटरी निकाली गई। इसमें 41 हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया, जिससे उनका खुद के आवास का सपना पूरा हुआ। मोर मकान मोर आस के अंतर्गत सूर्या विहार में 14, माइल स्टोन में 02, एनआर स्टेट में 01 दिव्यांग, अविनाश में 01 वरिष्ठ नागरिक एवं सूर्या विहार में 02 वरिष्ठ नागरिक इसी प्रकार मोर आस मोर



चिन्हारी के अंतर्गत सूर्या विहार में 09 तथा माइल स्टोन में 12 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आबंटन किया गया। आवंटन प्रक्रिया में तीन वरिष्ठ नागरिक एवं 01 दिव्यांग को प्राथमिकता के आधार पर भूतल में आवास आवंटित हुआ है। खुद का आवास मिलने पर महापौर नीरज पाल ने सभी हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 10 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में निगम में उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने अंशदान की राशि जमा की थी उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आस के 29 तथा मोर मकान मोर चिन्हारी के 21 हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतल में आवास पाने के लिए दिव्यांग आवेदक एवं वरिष्ठजन को प्रमाण पत्र लॉटरी में शामिल होने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में चिन्हित था। आवास आबंटन के दौरान आज प्रमुख रूप से सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, पीएम आवास से सामाजिक विशेषज्ञ जीवन ताम्रकार, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, प्रिया खैरवार आदि मौजूद रहे।

## वैशाली नगर कॉलेज में त्रिदिवसीय दीक्षारम्भ का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 अगस्त।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में नव प्रवेशित छात्रों के लिए त्रिदिवसीय दीक्षारम्भ का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम द्वारा सरस्वती पूजा वंदना से किया गया। आयोजन में प्रथम दिवस कला संकाय प्रो. अमृतेश शुक्ला, द्वितीय दिवस वाणिज्य संकाय प्रो. नमिता गुहा राय तथा तृतीय दिवस विज्ञान संकाय डॉ अजय मनहर द्वारा पावर प्वाइंट के माध्यम से अपने अपने संकाय के बारे में छात्रों को महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से जानकारी दी गई। खेल विभाग से क्रीड़ाधिकारी यशवंत देशमुख ने महाविद्यालय में संचालित की जाने वाली खेल गतिविधियों की जानकारी दी। ग्रंथपाल दानेश्वर वर्मा द्वारा ग्रन्थालय के नियमों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों प्रो सुरेश ठाकुर एवम डॉ श्रीमती चांदनी मरकाम द्वारा महाविद्यालय में संचालित रा. से. यो. की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर (नेवल इकाई) की जानकारी डॉ भूमीराज पटेल द्वारा दी गई। परीक्षा से संबंधित नियमों के बारे में विस्तार से परीक्षा विभाग प्रमुख डॉ नीता डेनियल सदस्य डॉ नमिता गुहा रॉय तथा प्रो सुशीला शर्मा



द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय में छात्रों के लिए लागू आचार संहिता की जानकारी डॉ मैरिली रॉय तथा डॉ एस. के. बोहरे द्वारा दी गई। छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी नामांकन तथा छात्रवृत्ति की जानकारी श्रीमती प्रेमलता सोनवाने तथा श्रीमती सुनीता कटरे द्वारा दी गई। प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने अपने व्याख्यान में छात्रों को महाविद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अमृतेष शुक्ला, प्रो. अत्रिका कोमा तथा डॉ श्रीमती मीनाक्षी भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम को नवप्रवेशित छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए प्राचार्य ने आई. क्यू. ए. सी . समन्वयक डॉ श्रीमती अल्पा श्रीवास्तव कार्यक्रम संचालन के बधाई प्रेषित की।

### ज्योत्सना मिश्रा को पीएचडी की उपाधि

**भिलाई, 19 अगस्त।** मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर द्वारा विगत दिनों सुश्री ज्योत्सना मिश्रा के शोध कार्यों को मान्यता प्रदान करते हुए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी एच डी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ ज्योत्सना मिश्रा ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से मास्टर ऑफ साइंस तथा मास्टर ऑफ फिलोसॉफी की डिग्री प्राप्त की। इनके पिता रवीन्द्र मिश्रा भिलाई इस्पात संयंत्र के टी एंड डी विभाग में कार्यरत थे जो 2017 में सेवानिवृत्त हुए हैं, तथा माता श्रीमती सरोज मिश्रा जी का इनके शिक्षण कार्य में बहुत बड़ा योगदान रहा है। डॉ (सुश्री) ज्योत्सना मिश्रा के सुपरवाइजर डॉ आशीष सराफ तथा सह-पर्यवेक्षक डॉ विश्वप्रकाश रॉय हैं। डॉ कमलेश शुक्ल प्रोफेसर बायोटेक्नोलॉजी विभाग रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर का विशेष योगदान रहा है। शोध का विषय जलकुंभी का उपयोग करके दूषित पदार्थों (भारी धातुओं) को हटाना, डाई का क्षरण और पानी का शुद्धिकरण था। सुश्री मिश्रा की इस उपलब्धि पर उनके सहयोगियों, कालेज, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, उनके परिजनों और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।



## चौंतीस सालों बाद मिले गुरु-शिष्य

■ बीते दिनों की याद ताजा कर हुए भाव विह्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 19 अगस्त।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई में वर्ष 1985 से 1989 बैच में पढ़े भूतपूर्व छात्र -छात्राओं का मिलन समारोह व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन उतई में किया गया कार्यक्रम के बहाने 34 वर्षों बाद गुरू एवं शिष्यों का जब मिलन हुआ तो वे बीते दिनों की याद ताजा करते हुए वे भाव विह्वल हो गए वहीं बहुत से लोग अपने सहपाठियों से वर्षों बाद आपस में मिले जिनमें इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह रहा। कार्यक्रम के दौरान इन भूतपूर्व छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके गुरुओं सीआर साहू, श्रीमती सरोजा मोहंती, श्रीमती रीता बख्शी, श्रीमती केसर साहू, मोतीलाल वर्मा एवं एमएल चंद्राकर ने कहा वे अपने पढ़ाए विद्यार्थियों की सफलता से अभिभूत है उन्हें सफल देख वे सुकून का अनुभव कर रहे हैं वहीं भूतपूर्व छात्र छात्राओं ने कहा कि वे आज जो कुछ भी है अपने गुरूजनों से प्राप्त शिक्षा व संस्कार के बदौलत है अंत में उन्होंने गुरुजनों का स्मृति चिन्ह व पौधा भेंटकर सम्मान किया साथ ही शाला परिसर में गुरु व शिष्यों ने मिलकर पौधा रोपित किया

कार्यक्रम के संयोजक भूतपूर्व छात्र राजीव जान ने कहा कि अपने दोस्त-मित्रों व सगे-सम्बन्धियों से मिलते रहो अपनों से मिलने के लिए बरसों का इंतज़ार मत करो क्योंकि जिंदगी भी ट्रेन की तरह है जिसका जब स्टेशन आएगा उतर जाएगा। सिर्फ धुंधली सी यादें रह जाएंगी इसलिए परिवार के साथ रहकर जिंदा होने की खुशी महसूस करें हम अपने दोस्तों को सिर्फ सुप्रभात , शुभरात्रि आदि की मैसेज भेजकर ही जिंदा रहने का प्रमाण देते हैं दोस्तों से सिर्फ होली या दीपावली के दिन ही नहीं अन्य सभी अवसरों तथा प्रतिदिन मिलने पर भी गले लगाया करें इससे मित्रता प्रगाढ़ होगी कार्यक्रम के संयोजन के लिए सभी ने राजीव जान का आभार व्यक्त किया जो अमेरिका से पहुंचकर इसमें सम्मिलित हुए कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत उतई अध्यक्ष डीकेन्द्र हिरवानी, पूर्व जनपद सदस्य भीषमहिरवानी, पूर्व सरपंच खुमान साहू भूतपूर्व छात्र - छात्राएं सतीश पारख, रोमशंकर यादव , दिनेश चंद्राकर ,हरीश रजक,ऐन्द्र कुमार हिरवानी, अनिता विठ्ठल, संगीत रजक, हिमाचल साहू, रीता साहू , रीतु चंद्राकर, धात्री साहू, संजय चौहान, लीलाधर साहू, व्यासनारायण साहू , राजेश सिन्हा, राजाराम रसिक, लीला साहू , भीषम पटेल , कमला साहू, टुमिन साहू, मीना शर्मा, कृष्ण कुमार साहू, सुषमा वर्मा, कविता, मोतीलाल साहू, रमेश बारले,नीलम साहू, हितेन्द्र सिन्हा, संतोष यादव, उर्वशी सिन्हा शेखर वर्मा आदि मौजूद थे।

## वनांचल में आपातकालीन सुविधा के लिए शुरू होगी निशुल्क एम्बुलेंस सेवा: भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 19 अगस्त।** कबीरधाम जिले में निरंतर जनता की सेवा, सुरक्षा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने वाली समाज सेविका और भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश मंत्री एवं कबीरधाम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा द्वारा वनांचल क्षेत्र की जनता को आपातकाल के समय में उनकी तत्काल सहायता के लिए निशुल्क एम्बुलेंस की सेवा जल्द ही शुरू करने वाली हैं। जिले के कुई-कुकदुर के वनांचल क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समाज एवं क्षेत्रवासियों को आपातकाल के समय त्वरित उचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इसके लिए आगमी कुछ ही दिनों में भावना बोहरा द्वारा एक निशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की जा रही है जो चौबीस घंटे और सातों दिन वनांचल क्षेत्र में निवासरत लोगों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही भावना बोहरा द्वारा संचालित दो निशुल्क एम्बुलेंस सेवा एवं 20 से अधिक प्रकार के जटिल व सामान्य जांच सुविधाओं से युक्त निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से अब तक लगभग 50000 से अधिक क्षेत्रवासियों को इस सेवा का लाभ मिल चुका है। विदित हो की कुई-कुकदुर जैसे वनांचल क्षेत्रों में आपातकाल के समय वहां के निवासियों त्वरित सेवा की समस्या को देखते हुए भावना बोहरा द्वारा यह सौगात वनांचल क्षेत्र में निवासरत परिवारों के लिए संजीवनी साबित होगी। क्षेत्र के कई हिस्से ऐसे हैं जहाँ पहुँच आसान नहीं है और वहां के



निवासियों को किसी भी विषम परिस्थिति में दुविधा का सामना करना पड़ता था उनकी इस पीड़ा को देखते हुए भावना बोहरा द्वारा निशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत करना सराहनीय पहल है, इससे क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को आपातकालीन समय में लाभ मिलेगा। भावना बोहरा ने बताया कि कबीरधाम जिले के कुई-कुकदुर और उससे लगे समस्त वनांचल क्षेत्र में मूलतः हमारे आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं। आदिवासी समाज द्वारा हमेशा मुझे एक अपनत्व एवं परिवार के सदस्य की भांति सहयोग मिलता रहा है। अपने प्रमुख कार्यक्रमों में उनके द्वारा आमंत्रित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उनके इसी अपार स्नेह और सहयोग के प्रति हमारा भी दायित्व बनता है की उनकी सुविधा एवं सहयता के लिए हम भी प्रयास करें। कुई कुकदुर के वनांचल क्षेत्रो में निवासरत आदिवासी भाई-बहन प्रकृति की सेवा करते हुए हमारी संस्कृति के संरक्षण में अपना बहुमूल्य भूमिका निभा रहें हैं। परन्तु वनांचल क्षेत्र होने की वजह से आपातकालीन समय में उन्हें हो रही तकलीफों और परेशानियों को देखकर हमेशा पीड़ा होती थी और उसके समाधान के लिए मन में भाव आता है। अपने उसी भाव को प्रकट करते हुए उनकी सेवा के संकल्प के साथ हम जल्द ही वहां निशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत करने जा रहें हैं। भावना बोहरा ने आगे कहा कि यह निशुल्क एम्बुलेंस सेवा आपातकालीन सेवा के साथ-साथ वहां की गर्भवती महिलाओं को त्वरित अस्पताल ले जाने एवं अस्पताल से घर तक पहुँचाने में मददगार साबित होगी जिससे माँ और बच्चे सुरक्षित रहेंगे साथ ही क्षेत्रवासियों को भी अन्य आपातकाल के समय त्वरित उपचार मिलेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने हमेशा मुझे अपने परिवार की भांति अपार स्नेह दिया है हमेशा मुझे एक बेटी की भांति आशीर्वाद प्रदान कर हर पथ में सहयोग दिया है। उनके इस अपार स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एवं आपातकाल के समय में उनकी पीड़ा को महसूस करते हुए हमने यह एक सार्थक प्रयास किया है और मुझे विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से उन्हें मदद मिलेगी और समय पर बेहतर उपचार मिलेगा।कुई-कुकदुर, कबीरधाम जिला का एक दूरस्थ एवं एक बड़ा वनांचल क्षेत्र है जहाँ सबसे ज्यादा आदिवासी परिवार निवासरत हैं उन्हें आपातकाल के समय इस सेवा का लाभ मिलेगा। आज भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिले सहित आस-पास के जिले में निवासरत हर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, सामाजिक, धार्मिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, खेल और गरीब, जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य के साथ लगातार सक्रीय भागीदारी निभाते हुए उनके द्वारा अनवरत कार्य किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### गांजा के साथ युवती गिरफ्तार



**भिलाई 19 अगस्त।** रायपुर से गांजा लेकर राजनांदगांव जा रही एक युवती को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने डूमरडीह नहर के पास युवती को रोककर उसकी स्कूटी के सामने रखे बैग की तलाशी तो उसमें से साढ़े नौ किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित युवती के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है उप पुलिस अधीक्षक (क्राइम) राजीव शर्मा ने बताया कि डूमरडीह नहर के पास एक स्कूटी सवार युवती को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवती निवासी ग्राम भड़सेना अंबागढ़ चौकी राजनांदगांव बताया। उसने बताया कि वह रायपुर से गांजा लेकर राजनांदगांव जा रही थी उसे किसी तस्कर ने गांजा लेकर आने का काम सौंपा था वह गांजा लेकर उस तस्कर को देने वाली पुलिस ने डूमरडीह नहर के पास नाकेबंदी प्वाइंट लगाया था वहां पर आरोपित को भी रोककर उससे पूछताछ की गई डूमरडीह नहर पुलिया के पास पुलिस ने आरोपित युवती को पकड़ा तो उसकी भूमिका संदिग्ध लगी। स्कूटी के सामने रखे गए बैग की तलाशी लेने पर उसमें से साढ़े नौ किलो गांजा मिला साथ ही उसके पास से 1750 रुपये भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है आरोपित युवती से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### ग्रामीण विकास संभाग कार्यपालन अभियंता ने फहराया तिरंगा



**कवर्धा 19 अगस्त।** स्वतंत्रता अवसर के दिन ग्रामीण विकास संभाग कार्यपालन जितेंद्र कुमार मेश्राम ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रभारी एसडीओ मनोज सोनी , डाटा एंट्री ऑपरेटर सतीश बांधेकर, लेखापाल पूर्णिमा सोनी , नंद , दुर्ग्रेश नर्मलकर उपस्थित रहे । ध्वजारोहण उपरांत मिठाई खाकर और खिलाकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया।

### चेतना स्टील मेल्टिंग शॉप-2 का अभिनव प्रयास

**भिलाई, 19 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील



मेल्टिंग शॉप-2 के कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप मैकेनिकल सेक्शन द्वारा अनूठी और अभिनव सुरक्षा पहल शुरू की गई। इस पहल को चेतना - सुरक्षा की बात श्रम वीरों के साथ नाम दिया गया। चेतना सत्र का उद्देश्य कार्यस्थल पर जोखिमों और खतरों के प्रति अनुबंधित श्रमिकों को संवेदनशील बनाना था। महाप्रबंधक एस के अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा घर से शुरू होती है और हमें इस बात से बहुत कुछ सीखना है कि हमारी गृहिणियां घर पर चीजों को कैसे सुरक्षित रखती हैं। महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने अपने स्वागत भाषण दिया। महाप्रबंधक डॉ. अनंत सोनटके, ने घर पर सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर जोर दिया। मुख्य महाप्रबंधक सुशांत कुमार घोषाल ने, एसएमएस-ढ्ढ्ढ में की जा रही विभिन्न सुरक्षा पहलों के बारे में विस्तार से बात की। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती माधवी, श्रीमती अंजली सिंह, सुश्री नीलम, सुश्री जानकी, सुश्री दीपशिखा, सुश्री जेसिका, सुश्री उषा, श्रीमती पुष्पा उपाध्याय एवं गुलशन कुमार, विनोद कुमार, रवि कुमार प्रसाद, रवि देशलहरे, जी शंकर, दिनेश कुमार साहू, पासवान, आनंद सिंह, जसदीप, सचिन, पुरेंद्र, राजू सागर एवं आशीष हिरवानी को सेफ्टी क्विज में भाग लेने के लिए आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक टी गोविंद एवं महाप्रबंधक राकेश असाई उपस्थित थे। महाप्रबंधक निकुंज सिंघल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा संचालन संजीव सिंह द्वारा किया गया।

### ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कर्मवीरों को मिला शिरोमणि सम्मान



**भिलाई, 19 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जुलाई 2023 माह के लिए स्वप्निल कुमार चटप, ओसीटी एवं अखिल कुमार राठौर, ओसीटी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक सौम्य तोकदार ने अपने सम्बोधन में ब्लास्ट फर्नेस की चुनौतियों एवं संयंत्र के लाभ के लिए दैनिक कार्य में किए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों पर विशेष जोर देते हुए सभी पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी । समारोह में अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण अरविंद गुप्ता, आर आनंद, राजेष गायकवाड़, गुज्जू श्रीनिवास, एस के दोकानिया, एल सी पी डोढ़ी एवं हेमन्त वर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सहायक महाप्रबंधक बीजू जॉर्ज ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य, महत्व एवं योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन श्रीवास्तव, कनिष्ठ अधिकारी एवं अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारियों सोहेल अहमद व साजिद हुसैन खान सहित श्रीमती ममता, श्रीमती हसीना बेगम, श्रीमती दिव्या एवं सुश्री उर्मी वर्मा का भी विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### बेसहारा बुजुर्ग का सहारा बनी पुलिस



**राजनांदगांव 19 अगस्त।** शहर में घुम रहे मानसिक रूप से कमजोर 63 वर्षीय बेसहारा बुजुर्ग व्यक्ति का सहारा बन पुलिस द्वारा मदद करते हुए उनको परिजनों तक पहुँचाया गया है । कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 अगस्त 2023 को रात्रि 9 बजे थाना कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि कन्हारपुरी में एक बुजुर्ग व्यक्ति गुमसुम सुनसान स्थान पर घायल अवस्था में बैठा है कि सूचना डायल-112 को प्राप्त होने से डायल-112 के पुलिस स्टाप द्वारा थाना लेकर आये। जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम पता सही नहीं बता पा रहा था, जिस जिस स्थान का नाम उक्त व्यक्ति द्वारा बताया जा रहा था वहां पर बुजुर्ग व्यक्ति के फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने पर उक्त व्यक्ति की पहचान डोमार साहू ग्राम सुरपा थाना जामगांव जिला दुर्ग का होना पता चला। बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनो से संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनके पास राजनांदगांव आने के लिये रात्रि व बारिश होने के कारण कोई साधन नहीं है, गांव के रहने वाले है बताने पर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना, के निर्देशन पर निरीक्षक एमन साहू के द्वारा पुलिस थाना स्टाफ के माध्यम से बुजुर्ग व्यक्ति डोमार साहू को ग्राम सुरपा थाना जामगांव जिला दुर्ग ले जाकर परिजनों को सुपुर्दनामे पर सौपा गया। परिजनों द्वारा राजनांदगांव कोतवाली पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### यातायात नियमों व अपराधों के बारे में किया गया जागरूक



**राजनांदगांव 19 अगस्त।** मावा पुलिस केतुल के तहत नेलसनार हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्र- छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों सड़क दुर्घटना के कारणों संकेतों एवं चिन्हों के विस्तृत जानकारी देते हुए यातायात के एक ऐसे विषय वस्तु है जिसके जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है इन दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों की जानकारी ही नहीं अपितु नियमों का पालन करना भी चाहिए ताकि इसके साथ-साथ अन्य सड़क प्रयोगकर्ता सहस सुगम एवं सुरक्षित तरीके से आवागमन कर सके । यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात संचालन हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नाबालिक का वाहन नहीं चलाना, वाहन का संपूर्ण दस्तावेज होने पर वाहन चलाना, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलाना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना वाहन चलाते, समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेबरा क्रॉसिंग से गुडसेमेरिटन, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीके के साथ यातायात के अनिवार्यता आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया ।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**अंवरी 19 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन के लिए चलाया गया मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जनपद पंचायत कुरुद के तत्वाधान में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भैसबोड़ में अमृत वाटिका बनाने के लिए वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद वीरों को नमन करते हुए हुई,इसके बाद सुसंस्कार और व्यक्तित्व निर्माण तथा देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए पंच प्रण की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत भैसबोड़ के अमृत सरोवर प्रांगण मे फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया गया. जनपद पंचायत से पहुंचे तकनिकी सहायक श्री महेश भगत ने बताया कि, मेरी माटी मेरा देश अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम, पंचायत, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अमृत वाटिका बनाकर वृक्षारोपण एवं माटी को नमन के साथ वीरो का वंदन करना है. ये अभियान 9 अगस्त से शुरु होकर 30 अगस्त तक चलेगा. वृक्षारोपण के बाद यहां की मिट्टी को अमृत कलश में भरकर दिल्ली ले जाएगा. वृक्षारोपण से जलवायु परिवर्तन होगा।

# कांग्रेस की टिकिट जिसे भी मिले उसे जिताने के लिए काम करना है: सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 19 अगस्त।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा आयोजित संकल्प शिविर में भाग लेने सीएम भूपेश बघेल नगरी पहुंचे, इस शिविर का आयोजन नगरी के कृषि उपज मंडी में किया गया था,सम्मेलन में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे थे, मुख्यमंत्री ने सबसे पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करने के लिए शपथ दिलाई एवं कार्यकर्ताओं को नफरत को दूर कर मोहब्बत की दुकान खोलने का संकल्प भी दिलाया गया, तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी बलिदानियों की पार्टी है लोकतंत्र की रक्षा और देश के लिए हमारे नेता अपनी जान कुर्बान कर दिए, सीएम ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी झूठ के बुनियाद पर खड़ी हुई है वह झूठ बोलती है और लोगों को भरमाती है ऐसी पार्टी से सावधान रहने की जरूरत बताया, मुख्यमंत्री ने सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक व्यक्ति, महिला, युवा किसान सहित सभी समाज के लिए एवं हर वर्ग के लिए सरकार ने काम किया है, विलुप्त हो रही छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बचाने का प्रयास किया गया है और इसके तहत हरेली विश्वआदिवासी दिवस, छेरछेरा पुन्नी में सरकारी छुट्टी की घोषणा की गई जिसका लाभ हमें इस चुनाव में निश्चित रूप से मिलेगा सीएम ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि टिकट जिसे भी मिले कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना है, आपके बदौलत ही आज हम सत्ता में हैं, इस दौरान मंच में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, वरिष्ठ कांग्रेसी वीरेश ठाकुर, कांकेर विधायक शिशुपाल सोरी ने भी सभा को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा

सम्मेलन में पहुंचने वाले कांग्रेसियों में जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैलाश जैन (बोराई वाले ) जनपद सदस्य एवं सभापति उमेश देव सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू सोम पूर्व विधायक अशोक सोम, पूर्व विधायक अंबिका मरकाम, रामप्रसाद नेताम शहीद पूरे विधानसभा के कांग्रेस नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिसिया संरक्षण में घिनौने कृत्य को अंजाम देने का आरोप

■ धर्मनगरी से बेजुबान मवेशियों को लादकर कट्टीपार ले जाए जाने की खबर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 19 अगस्त।** धर्मनगरी कहे जाने वाले तीर्थस्थल से पैसों की लालच में रोजाना बेजुबान मवेशी गाय, बैल, बछड़ा सहित बुढी भैसों को महाराष्ट्र के रास्ते नागपुर व आमगाँव के कत्लखाना (कट्टीपार) ले जाकर काटने का आरोप लगाते हुए जानकारों ने बताया कि नगर के टिकरापारा सहित कलकसा से मवेशियों के दलालों के द्वारा अपने निजी वाहन में रात के अंधेरे में मोहारा, सिवनीकला, कुसमी, कलकसा सहित नगर के टिकरापारा से मवेशियों को पीकप वाहन व छोटा हाथी जैसे वाहन में मवेशियों के पाँव तोड़ लादकर कट्टीपार ले जाने का खेल मवेशी तस्कर बेखौफ खेल रहे है जिस पर रोक लगाने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है. शिकायत तो यह भी है कि इन गौ तस्करों ने राजनांदगांव के बसंतपुर थाना, डोंगरगढ़ थाना सहित बॉर्डर पर स्थित बोरतलाव थाने में अच्छी खासी सेटिंग की है और हर माह मोटी रकम का चढावा चढ़ाया जाता है हालांकि हम इस बात की पुष्टि नहीं करते। वहीं पट्टा बनाने की मांग का ज्ञापन विधायक को सौंपने आए टिकरापारा के वार्डवासियों ने मवेशी तस्करो के द्वारा बेजुबान मवेशियों को कत्लखाना ले जाने की बात को स्वीकार करते बताया कि वार्डवासियों की शिकायत के बाद किशोर पटले व पृथ्वी नाम के मवेशी तस्करो के द्वारा भी पूर्व में घृणित कार्य को अंजाम देते पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा था और जेल से छुटने के बाद भी मवेशी तस्करी का कार्य नहीं छोड़ा गया है जिससे पुलिस की भूमिका पर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे है.

मवेशी तस्करो के द्वारा बेखौफ दो थाना क्षेत्र को लाँघकर रोजाना उसी रास्ते से आवागमन कर मवेशियों महाराष्ट्र बॉर्डर पहुँचाने से वही बात चारितार्थ होती नजर आ रही है जब सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का।

# राजस्व वसूली के लिये बड़े बकायादारों की सूची प्रकाशित

**राजनांदगांव 19 अगस्त।** इस वित्तीय वर्ष में सत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने राजस्व अमला को कडे निर्देश दिये है। उनके द्वारा समीक्षा बैठक में शासन द्वारा माहवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने निर्देशित किया गया है, इसके लिये उन्होंने प्रतिदिन घर घर जाकर वसूली करने के भी निर्देश दिये है। बड़े बकायदार जिनके द्वारा समेकितकर, जलकर की राशि जमा नहीं की गयी है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये थे, निर्देशानुसार उपायुक्त श्री मोबिन अली द्वारा भी समय समय पर राजस्व प्रभारियों की बैठक लेकर वसूली की समीक्षा की जा रही है तथा बड़े बकायादारों को अपने लंबित करो का भुगतान करने नोटिस जारी किया गया है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नोटिस उपरांत भी बकाया करों का भुगतान न करने वाले बड़े बकायादारों की सूची जारी की जा रही है जिनमें वार्ड नं. 5 के केवल चंद्रल/ईश्वर चंद्रल का बकाया 66,670.00 रू., वार्ड नं. 6 के जशवंत कौर भाटिया/गुरूदयाल सिंह का बकाया 4,06,675.00 रू., वार्ड नं. 7 की फुलकुमारी/मधुसूदन शुक्ला का बकाया 85,833.00 रू. नयावती/ हरभजन सिंह का बकाया 52,462.00 रू. व दुर्गा साव/जितेन्द्र देवांगन का बकाया 51,504.00 रूपये वार्ड नं. 14 के लक्ष्मीबाई नौलानी/सुंदरदास का बकाया 75,063.00 रू. व विनोद तिवारी का बकाया 70,290.00 रू., वार्ड नं. 16 के टीकम सिंधी/गुरूदमल सिंधी का बकाया 82,900.00 रू. वार्ड नं. 17 के गजाधर सिंह राजकुमार सिंह/फेरन सिंह ठाकुर का बकाया 74,194.00 रू. अजीज अहमद/नजीर अहमद का बकाया 60,617.00 रू. व श्री राजाराम मेश्राम/मोतीराम मेश्राम का बकाया 51,942.00 रू., वार्ड नं. 23 के बी.एल. वर्मा/पी.एल.वर्मा का बकाया 68,972.00 रू.व रवेल सिंह/बिसन सिंह का बकाया 54,402.00 रू., वार्ड नं. 26 के सरस्वती बाई आनंदी प्रसाद गुप्ता एवं भगवती प्रसाद आनंदी प्रसाद गुप्ता का बकाया 2,56,116.00 रू., स्व0 शशिभूषण/रामनाथ गुप्ता का बकाया 1,07,076.00 रू., रामचंद घनश्याम दास अग्रवाल का बकाया 1,05,533.00 रू., वासुदेव प्रसाद गुप्ता का बकाया 83,906.00 रू. अशरफ महबुबल हक का बकाया 62,465.00 रू., अधिभोगी नंदलाल ललवानी भीखी बाई/मंगतराम ललवानी का बकाया 58,767.00 रू., रतनलाल गोवर्धन चंदवानी/दीघ रतनलाल चंदवानी का बकाया 50,788.00 रू., वार्ड नं. 30 के श्री त्रिलोक सिंह भाटिया आ. संतसिंग भाटिया का बकाया 2,34,280.00 रू., श्री सम्पूरण सिंह बग्गा आ0 त्रिलोक सिंह बग्गा का बकाया 3,72,940.00 रू., श्री जनरैल सिंह, अजीत सिंह/गुरूदयाल सिंह, तजविन्दर कौर/रमनविन्दर सिंह का बकाया 1,36,222.00 रू., श्री जनरैल सिंह आ. गुरूदयाल सिंह का बकाया 60,486.00 रू., परशुराम जयसवाल/जगन्नाथ का बकाया 67,602.00 रू., संजय लोहिया/राधा किशन का बकाया 64,625.00 रू. व हरजिन्दर कौर भाटिया/सुरजित सिंह का बकाया 64,037.00 रू., वार्ड नं. 31 के बुद्धुलाल मिश्रेकर/पांडुलाल मिश्रेकर का बकाया 80,621.00 रू. व कैलाश चंद कुमावत/सकुराम कुमावत का बकाया 55,892.00 रू. तथा वार्ड नं. 44 के रंजीत सिंह बग्गा/सम्पूरण सिंह का बकाया 58,156.00 रू. का राजस्व कर बकाया है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 22 तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 19 अगस्त।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 31 जुलाई 2023 से 22 अगस्त 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 अगस्त को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठी नगर वार्ड नं. 36 के लिये मंगल भवन लखोली दुर्गा चौक में एवं 22 अगस्त को बैगा पारा वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन लखोली में तथा कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुये मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### निगम में सद्भावना दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों को आयुक्त ने दिलायी प्रतिज्ञा

**राजनांदगांव 19 अगस्त।** शासन द्वारा 20 अगस्त को सद्भावना दिवस मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुये थे। चुकि 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण 18 अगस्त को अपरान्ह 4:30 बजे सद्भावना दिवस पर प्रतिज्ञा लिये जाने शासन द्वारा निर्देश दिये गये, निर्देश के अनुक्रम में आज नगर निगम सभागृह में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सद्भावना दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलायी। आयुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना दिवस पर प्रतिज्ञा दिलायी कि हम जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। हम पुनः प्रतिज्ञा करते है कि हम हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और सवैधानिक माध्यम से सुलझायेंगें। इस अवसर पर उपायुक्त श्री मोबिन अली, प्र. कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



# राजस्व विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने कम वसूली पर नराजगी व्यक्त की, वसूली में तेजी लाने निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नराजगी जाहिर करते हुये माह में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के निर्देश दिये।आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्ड वार वसूली एवं डिमाण्ड की जानकारी ली, उन्होने कहा कि, डिमांड दुरूस्त कर डिमांड के विरूद्ध वसूली करें, कुल बकाया, मकानों की संख्या, नये मकानों की संख्या, खाली भूखण्ड के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर उसके विरूद्ध वसूली करने निर्देशित किये। इस संबंध में सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित करे। उन्होंने सभी वार्डो के वसूली की वार्डवार सहायक राजस्व निरीक्षकों से डिमाण्ड में वृद्धि एवं वसूली की जानकारी ली। माह में कम वसूली पर नराजगी व्यक्त करते हुये वसूली में तेजी लाकर प्रतिदिन वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित माह में वसूली के लक्ष्य के अनुरूप वसूली करे, नये मकान व भूखण्ड के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर उसके अनुरूप वसूली करे, वसूली में कोताई बरतने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों के वसूली की प्रतिदिन जानकारी लेवे एवं स्वयं वार्डो में जाकर वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जलकर का भुगतान नहीं करने वाले करदाताओं का नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने कहा कि सभी सहायक राजस्व निरीक्षक राजस्व उप निरीक्षकों के साथ मिलकर नया मकान व भूखण्ड तथा नल कनेक्शन के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर वसूली करना सुनिश्चित करे। बिना कारण अनुपस्थित रहने या वसूली में लापरवाही पर संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।आयुक्त श्री गुप्ता ने दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया,अटल आवास योजना के किराये की वसूली की जानकारी लेकर नियमित वसूली के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि, जिन दुकानों के आबंटन उपरांत अनुबंध नही हुआ है।

# निर्माण कार्यो में जीएसटी की समस्या छग में ले चुकी है विकराल रूप: बीएआई

**रायपुर 19 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यो में जीएसटी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। जीएसटी के संबंध में बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया राज्य शासन से मांग करते हुए पूर्व में निर्माण में जीएसटी 12 प्रतिशत लागू किया गया था जिस समय वैट हटाकर जीएसटी लागू किया गया उस समय चल रहे कार्यो में जीएसटी 12 प्रतिशत व वैट 5 प्रतिशत की फर्क की राशि का भुगतान ठेकेदारों को किया गया है। पिछले वर्ष जीएसटी 12 प्रतिशत के स्लेब को बदलकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। लेकिन लोक निर्माण विभाग अंतर की 6 प्रतिशत की राशि का भुगतान नहीं कर रहा है। इस संबंध में कुछ ठेकेदार माननीय उच्च न्यायालय की शरण में गये जिसमे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत जीएसटी के अंतर की राशि की गणना कर भुगतान करने आदेश पारित किया गया, पर कोई भी विभाग इसमे रूची नही ले रहा है। जबकि केन्द्र के सभी विभागो में एवं छत्तीसगढ़ के अन्य विभागो में अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उक्त बातें बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के स्टेट चेयरमैन कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, सेंटर चेयरमैन रायपुर रूपेश सिंघल, हरसिमरन सिंह ओबेरॉय ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय निर्माण विभाग, पीएमजीएसवॉय, एमएमजीएसवॉय ने निविदा में जीएसटी की गणना अलग से की जाती है। परन्तु लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों में नही कि जाती है। अंतर की 6 प्रतिशत राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए निविदाओं में जीएसटी की राशि की गणना अलग से करने का प्रावधान करने की मांग राज्य शासन से की है। बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया माँग करती है कि अनुबंध में निहित प्रावधान के तहत चल देयक से सरकारी दर पर रॉयल्टी राशि काटकर खनिज विभाग में जमा करते हुए ठेकेदारों का भुगतान करे जिससे छत्तीसगढ़ के विकास में सलग्न ठेकेदार जो कार्य में दिन रात जुटे हुए है इनका भुगतान हो सके व निर्माण कार्य गुणवत्ता से निर्वाध चले व समय सीमा में पूर्ण हो सके।

### खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में सीमा यादव का निरंतर जनसंपर्क



**छुरिया 19 अगस्त।** जिला महिला कांग्रेस कमिटी के सचिव श्रीमती सीमा यादव (ग्राम - घोघरे )का आज जनसंपर्क का कारंवा आगे बढा. आज जनसंपर्क के लिए खुज्जी विधानसभा के कुहीकला पहुंचे सीमा यादव जी ने ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के योजनाओं को बताया और लोगों से कांग्रेस के पक्ष मे मतदान करने की अपील की इस सभा मे बहुतायत संख्या मे गर्मीण जुड़े इस सभा मे टीकम सिन्हा, गंगा प्रसाद मंडावी, दिनेश कोर्राम, चंद्रकांत ग्राम पटेल, दुलार मंडावी, केशो रामदेवदास, सोना राम गैंड लाल, कमलेश्वर देवदास, गैदूराम किशन मंडावी, सुरेश वागमरे, दसरी बाई यादव, गोदावरी बाई, उषा बाई सिन्हा,पेमेश्वरी बाई, संता बाई, कामिनी मंडावी, निर्मला मंडावी, लक्ष्मी मलगाम, रामीन बाई यादव, साधना मंडावी, अनीता मंडावी, धनेश्वरी मंडावी लक्ष्मी बाई, नीरा विश्वकर्मा सविता कोमरे आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# ब्रह्माकुमारीज नगरी में हर्षोंलास के साथ किया गया ध्वजारोहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 19 अगस्त।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के 77 वां वर्षगांठ पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजऋषि भवन नगरी में आजादी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर से आए हुए सीमा पर तैनात सैनिक श्री मोहन नेताम एवं श्रीमती ललिता साहू पार्षद के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सुबह पाली में संस्था के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया उक्त अवसर पर संस्था के सभी भाई बहनों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही नगर के गलियों चौक चौराहों से होते हुए भाई बहनों द्वारा देशभक्ति के गीत व नारे लगाते हुए विशाल रैली निकाली गई। शाम 4:00 बजे देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, संगीत, कविता, भाषण, प्रहसन तथा नृत्य साथ ही विभिन्न खेलों का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत परमसत्ता की स्मृति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। साथ ही अतिथियों का स्वागत एवं ईश्वरीय सौगात भेंट किया गया। बच्चों के द्वारा अपनी प्रतिभाओं की छटा बिखेर कर कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया गया। अलग-अलग स्कूलों से आए बच्चों ने विभिन्न वेशभूषा से सुसज्जित देशभक्ति गीत पर एकल व सामूहिक मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किये कुछ बच्चों ने देश भक्ति पर शहीद वीर जवानों को याद करते हुए भाषण की प्रस्तुति दी। देश के अमर शहीदों पर कविताएं कही गई। बी. यदु बहन के द्वारा सावित्रीबाई फुले का अभिनय कर बालिका शिक्षा पर संदेश दिया गया। साथ ही मनोरंजक पासिंग गेम का आयोजन हुआ जिसमें देशभक्ति से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए और सभी ने उत्साह पूर्वक उसके उत्तर दिए। संस्था के भाई बहनों ने देश के सपूतों को याद करके अपने-अपने विचार व्यक्त किये तत्पश्चात संस्था के ब्रह्माकुमार पितांबर भाई ने देश के शहीदों की याद में सुमधुर गीत गाकर माहौल को देशभक्ति से भर दिया। तत्पश्चात श्री मोहन नेताम जी ने अपने शब्दों में कहा वीर सपूतों के शहादत के फलस्वरूप ही हमें आजादी मिली है उन्होंने कहा कि हमें बड़ी खुशी होती है कि आजादी के इस पर्व को बच्चों से लेकर बड़ों तक बड़ी धूमधाम से मनाते हैं और हमें गर्व महसूस होता है कि हम सैनिकों को इतना मान और सम्मान देते हैं।

### दो अलग-अलग मामले में थाना गैंदाटोला पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**राजनांदगांव 19 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के निर्देश, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के दिशा निर्देश मे चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन करने वाले के विरूद्ध धड पकड विशेष अभियान मे थाना गैंदाटोला निरीक्षक ओमप्रकाश ध्रुव नेतृत्व मे थाना स्टाफ एवं सायबर टीम के सहयोग से दिनांक 15-16/08/2023 को दीगर राज्यो से शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकडा गया। आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड मे भेजा गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 15/08/23 को 15 अगस्त पर्व को दृष्टिकोण रखते हुये कानून व्यवस्था शांति बनाये रखने हेतु ग्राम भ्रमण पर रवाना हुआ था दौरान भ्रमण के आरोपी बसंत कुमार साहू पिता डारेलाल साहू के द्वारा वाहन क्रमांक छ्त्त-04-ाष्ट-7624 मारूति सुजुकी रिट जेड 40 पौवा देशी दारू संत्रा महाराष्ट्र निर्मित जुमला 7.200 बल्क लीटर कीमती 2800/- रूपये को परिवहन करते मिला, जो पुलिस पार्टी का देखकर वाहन छोडकर फरार हो गया। आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। इसी प्रकार आरोपी करण साहू ऊर्फ टोमेन्द्र साहू पिता श्री बिसेलाल साहू उम्र 24 साल निवासी ग्राम जोशीलमती के द्वारा अपने वाहन क्रमांक छ्त्त-04-च्यड्ढ-5000 महिन्द्र एक्स यूवी मे 17 पेटी शराब गोवा मध्यप्रदेश निर्मित 153.000 बल्क लीटर कीमती 93500 रूपये को परिवहन करते पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया।

# चोरी के आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 अगस्त।** प्रार्थी डॉक्टर ईवान लाल पिता अजय लाल उम्र 25 साल निवासी विवेकानंद नगर गली नंबर 01 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का थाना बसंतपुर में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.08.2023 को अपने बहन से मिलने अपने माता-पिता के साथ जबलपुर गया था। दिनांक 09.08.2023 को शाम घर वापस आये तो देखा कि मेन दरवाजा का कुंडी टुटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो बेडरूम के आलमारी का लाकर तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा सोने एवं चांदी का जेवरात कीमती लगभग 2,00,000 रूपये एवं नगदी रकम 70,000 रूपये कुल जुमला 2,70,000 रूपये को चोरी कर ले गया है, कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 395/2023 धारा 457, 380 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इस घटना पर पुलिस कप्तान श्रीमान् अभिषेक मीना द्वारा संज्ञान लेते हुये आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले एवं श्रीमान् नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमित पटेल के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर शिव प्रसाद चन्द्रा द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु एक विशेष टीम गठित कर आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश शुरू की गई इसी तारतम्य में बसंतपुर एवं सायबर सेल की विशेष पुलिस टीम द्वारा तकीनीकी साक्ष्यों की मदद लेते हुए सर्वप्रथम घटना स्थल के आसपास एवं चैक, चौराहों के सीसीटीवी कैमरो में मिले फुटेज के अवलोकन पर 02 संदेहियों की गतिविधियां संदेहास्पद लगने पर घटना स्थल का टावर डंप निकालकर घटना दिनांक को मिले मोबाईल का टावर लोकेशन निकालने पर आरोपी का लोकेशन रायपुर बताने से पुलिस टीम द्वारा संतोषी नगर रायपुर पहुंचकर संदेही मोहम्मद मोक्सेद के सकुनत पहुंचकर पतसाजी किया संदेही मोहम्मद मोक्सेद अली उर्फ कालू को हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया जिसने अपने मेमोरेण्डम कथन में घटना दिनांक समय को अपने साथी अशरफ उल के साथ प्रार्थी डॉ0 ईवान विवेकानंद नगर राजनांदगांव के सूने मकान से सोने चांदी का जेवरात एवं नगदी रकम 70,000 रूपये को चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी किये गये जेवरात को अशरफ उल के द्वारा मालदा में किसी सोनार के पास बेचना बताया एवं चोरी किये गये नगदी रकम 70,000 रूपये में से बंटवारा में 33,000 रूपये मिलना बताया। चोरी किये गये रूपये में से 2000 रूपया रूबेल खान को देना बताया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 1112 होण्डा मेस्ट्रो सफेद लाल रंग को जुबेल खान के पास रखना बताया। बेचे गये जेवरात का प्राप्त रकम 80,000 रूपये अशरफ उल के पास होना बताये और कहीं भग जाना बताया गया है। 33,000 रूपये आरोपी मोक्सेद अली उर्फ कालू के कब्जे से पेश करने पर समक्ष गवाहान वजह सबूत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## संपादकीय

# भाजपा ने छग, मप्र में बढ़त ले ली

राजनीति हो या युध्द हो जिसकी अच्छी तैयारी होती है, वह पहले वार करता है, इसलिए कहा जाता है कि पहले मारे सो मीर। चुनावी तैयारी में भाजपा का कोई दल मुकाबला नहीं कर पाता है। इसकी वजह यह है कि भाजपा बारहों महीने चुनावी मूड में रहती है। उसकी चुनावी मशीनरी हमेशा चुनावी तैयारी में लगी रहती है। हमारे देश में चुनाव भी तो एक दो साल में होते ही रहते हैं, कोई न कोई चुनाव राज्यों में होता ही रहता है। भाजपा पंचायत चुनाव से लेकर सांसद का चुनाव तक पूरी तैयारी से लड़ती है, उसका रोडमैप तैयार रहता है कि किसी राज्य में चुनाव जीतना है तो उसे पहले क्या करना है, उसके बाद स्टेप बाई स्टेप क्या क्या करते जाना है। भाजपा जिन राज्यों में सत्ता है, वहां जिस तरह चुनावी तैयारी करती है, वैसी ही तैयारी वह उन राज्यों में भी करती है, जहां वह विपक्ष में होती है।छत्तीसगढ़ में वह विपक्ष में है और मप्र में सत्ता में है लेकिन दोनो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची चुनाव की तीन चार महीने पहले जारी कर दी गई है। मप्र के लिए भाजपा ने 39 प्रत्याशियों की घोषणा तथा छत्तीसगढ़ के लिए उसने 21 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ऐसा तब ही कर सकी है जब उसने तय कर लिया था कि उसे चुनाव की घोषणा के पहले ही राज्य के कुछ प्रत्याशियों की घोषणा कर देनी है। इससे साफ है कि भाजपा की चुनावी तैयारी कांग्रेस से बहुत आगे है। चुनाव के लिए जो लोग नियुक्त किए गए हैं, जो समिति बनाई गई है, वह अपना काम तेजी से कर रही है। जब अमित शाह चुनावी कमान संभालते हैं तो उसकी खासियत यही होती है कि सारे काम व्यवस्थित व समय पर हो जाते हैं। अमित शाह को यूपी जैसे बड़े राज्य में भाजपा को मजबूत कर चुनाव जिताने का श्रेय दिया जाता है तो छत्तीसगढ़ तो यूपी के मुकाबले हर तरह से छोटा राज्य है। उनके राज्य के निरंतर दौरा का परिणाम है कि यहां भाजपा चुनावी तैयारी तेजी से कर सकी है। कांग्रेस में अभी ब्लाक लेबल पर चुनाव के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई है। हो सकता है कि एक दो सप्ताह तो इसमें ही लग जाए। ब्लाक लेबल से चुनावी आवेदन जिला से होकर राज्य समिति तक आएंगे, उसके बाद नामों का पैनल बनाकर राज्य समिति प्रत्याशी चयन के लिए नाम दिल्ली भेजेगी, तब कहीं जाकर दिल्ली में नाम तय होगा। यानी कांग्रेस जल्दी भी करे तो कांग्रेस को पहली सूची जारी करने में एक माह का समय लग सकता है। यानी सीधी सी बात है कि कांग्रेस चुनाव प्रचार के मामले में भाजपा से एक माह पीछे हो जाएगी। भाजपा के प्रत्याशी तय हो जाने के बाद क्षेत्र में चुनाव प्रचार भी शुरू कर देंगे तब तक कांग्रेस अपने प्रत्याशी तय नहीं कर पाई होगी। भाजपा को समय से पहले प्रत्याशी तय करने का फायदा यह होगा कि भाजपा प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के लिए ज्यादा समय मिलेगा। जिन सीटों के प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, वह सारी सीटें भाजपा की हारी हुई सीटें है, यानी भाजपा ने एक रणनीति के हिसाब से हारी हुई सीटों के प्रत्याशी पहले घोषित किए हैं ताकि उनको जीत के लिए प्रयास करने का पर्याप्त समय मिल सके। दूसरे भाजपा प्रत्याशी को लेकर कोई विरोध होता है तो उसे समय रहते शांत किया जा सके। अब तक माना जा रहा था कि भाजपा में हारे हुए लोगों को शायद ही टिकट मिले। लेकिन पहली सूची में ऐसे लोगों को टिकट मिलने से साफ है कि उन्हीं को टिकट दिया जाएगा जिनके जीतने की संभावना ज्यादा हो। पहली सूची को देखते हुए लगता है कि नए, पुराने, जीते हुए, हारे हुए, महिला,पुरुष, युवा-बुजुर्ग सबको टिकट दिया जाएगा। शर्त एक ही होगी हमेशा की तरह प्रत्याशी जीतने वाला हो। जीतने वाला प्रत्याशी तय करना कोई आसान काम नहीं होता लेकिन भाजपा ने तय कर बता दिया है कि उसके लिए यह भी आसान काम है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले मे आप नए लोगों से मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर नेता आपके कार्यो की तारीफ करेंगे। आज आपके बच्चे आपको कोई गुड न्यूज दे सकते हैं, जिससे आप उनपर गर्व महसूस करेंगे। लवमेट्स आज सरप्राइज देंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दोस्तों के साथ समय बिताएंगे।

वृष राशि- आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। बिजनेस में बड़ी डील फाइनल होने के कारण आज घर पर पार्टी करेंगे। घरेलू कार्यों परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में आज आपका मन लगा रहेगा। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं। आपके जूनियर आपसे काम सीखना पसंद करेंगे। लवमेट्स के रिश्ते में चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। पहले किये गए किसी सामाजिक कार्य के लिए आपको सम्मानित किया जायेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। परिवार वालों के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। आज आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे, जिससे आपको भविष्य में अच्छा फायदा होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप किसी नए व्यापार की योजना भी बनाएंगे। पारिवारिक कार्यो को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ बनाया हुआ लॉग ट्रीप का प्लान आज कैंसिल हो सकता है। संगीत और कला में रुझान रखने वाले लोगों को आज किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर काम करने का ऑफर आएगा। दुकानदारों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है, रोज की अपेक्षा आज ज्यादा मुनाफा होगा।

सिंह राशि- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। आज दांपत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा। राजीनीति में सक्रिय लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लेखन कार्य कर रहे लोगों के किसी लेख की तारीफ होगी। आज आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होगी। आज ऑफिस में अपने कार्य पर ध्यान देने की जरूरत है, नहीं तो आपकी बैक-बायटिंग हो सकती है।

कन्या राशि-आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो समय रहते पूरा हो जाएगा। फर्नीचर खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए आज का दिन शुभ है। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। आज बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

तुला राशि-आज पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के ऑर्किटेक के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। अगर कोई नयी गाड़ी खरीदना चाह रहे हैं तो आज ले लीजिए। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। आज आप अपने स्वभाव में परिवर्तन लाएंगे, इससे परिवारवाले प्रसन्न होंगे। आज इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का प्लान बना सकते हैं। आज आप घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज के दिन कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिलेगा।

धनु राशि- आज का दिन बिजनेस के लिए फायदेमंद होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। दांपत्य रिश्ता आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आप किसी दोस्तों के साथ कोई बिजनेस शुरू करने का प्लान बना सकते हैं। लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में घर में पार्टी करेंगे। ग्राफिक डिजाइनर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी क्लाइंट से अच्छा लाभ होगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर होगा, जहां से अप-एंड डाउन करने में आपको आसानी होगी। जीवनसाथी से निजी समस्याओं को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच?छा रहेगा, पढाई में आ रही बाधाएं दूर हो जाएगी। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। लवमेट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है।

कुंभ राशि- आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते हैं। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज कानूनी मामलों से बचने की जरूरत है। ऑफिस में सहकर्मियों की मदद से काम जल्द खत्म होगा। शाम को जीवनसाथी के सहयोग से आप कोई घर का काम पूरा करने में सफल होंगे। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त होगा। लवमेट्स से आज कोई अच्छी ड्रेस उपहार स्वरूप मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा। आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए विचार आएंगे। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से होगी, जिनसे आप बचपन की यादें शेयर करेंगे।

# प्रकृति संरक्षण से जुड़ा है नाग पंचमी का पर्व

**21 अगस्त नागपंचमी**

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा,राजनांदगांव**



भारतवर्ष की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा में प्राकृतिक संपदा के साथ तमाम जीवों के संरक्षण का पाठ भारत वासियों को पढ़ाया है । ऐसे ही जीवों के संरक्षण में सांपों का संरक्षण भी महत्वपूर्ण बन पड़ा है । सांप , ऐसा नाम जिसे सुनते ही भय उत्पन्न होने लगता है और हमारी नजरों के सामने आते ही हम उसे मार देने के प्रयास करने लगते हैं ! जीव - जंतुओं के संरक्षण के लिए सरकार को विशेष प्रयास की जरूरत है । सांप को ऐसे भी किसानों का मित्र माना गया है । किसान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले चूहा , मेंढक तथा अन्य तरह के जीवों को खाकर सांप कृषक परिवार की सहायता ही करता है । बरसात का मौसम शुरू होते ही सांपों का विचरण दिखाई पड़ने लगता है । इन्हें सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ही जीव विज्ञानी , संरक्षण विद और तकनीक के विशेषज्ञों ने एक एप की शुरुआत की है । उक्त एप में सांपों से जुड़ी तमाम जानकारी उपलब्ध है । वैसे भी वन विभाग सांपों को पकड़ने वाले विशेषज्ञों के संपर्क में रहते हुए यह संदेश देता रहा है कि सांप दिखाई पड़ने पर उसे ना मारें और उन्हें खबर करें ताकि उन्हें पड़कर उनके अनुकूल जंगलों में छोड़ा जा सके। हमारी प्राचीन परंपरा के चलते ही नाग को देवता माने की आस्था ने ही सांपों को संरक्षण से जोड़ा था ।श्रावण मास में पड़ने वाली शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ÷ नाग पंचमी ÷ के रूप में जाना जाता है । इस दिन नागों की पूजा कर हिंदू धर्मावलंबी उनसे अपने जीवन की रक्षा हेतु प्रार्थना करते हैं ।

सांपों पर प्रकाशित एक शोध के शोधकर्ता ने केरल के कन्नूर तथा कासरगोड एवं कर्नाटक के कुर्ग के तीन पवित्र स्थलों का अध्ययन किया । उनका कहना है कि इन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं यहां मौजूद सांपों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते हैं । एक अन्य शोधकर्ता का भी यही कहना है कि बहुत कम ऐसे लोग हैं जो सांप को देखते ही मारना चाहते हों । यह तथ्य भी सामने आया है कि केरल के स्थानीय नागरिकों को यदि सार्वजनिक स्थान में सांप दिखाई पड़ जाए तो वे उसके निकल जाने का इंतजार करते हैं , किंतु मारते नहीं हैं । अपने शोध में अनेक शोधार्थियों ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि सांप एक देवता है और उसे मारना पाप से कम नहीं है । इस मान्यता का भी शोध में उल्लेख किया गया है कि सांपों को मारने से उनका खुद का वंश नहीं चल पाएगा । इसी तरह की मान्यताओं ने सर्प प्रजाति को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है । सर्पों को बचाने के लिए ÷ स्नेक हब ÷ नाम का एप काम कर रहा है । एप के विशेषज्ञ का कहना है कि ÷ स्नेक हब ÷ एप में सांपों की 114 प्रजाति की जानकारी मिलती है ।



पर्यावरण संतुलन में मददगार होने और फसलों की रक्षा करने के कारण ही नाग को आदिकाल से देवता के रूप में पूजा जाता रहा है । भगवान विष्णु की शैया और शिव शंकर के गले का हार होने के कारण नाग लोगों की आस्था से जुड़ा जीव बन गया है । यही कारण है कि नाग पंचमी का पर्व धार्मिक आस्था एवं विश्वास के सहारे हमारी बेहतरी की कामना का प्रतीक बन गया है । यह पर्व हमें जीव- जंतुओं के प्रति समभाव , हिंसक प्राणियों के प्रति दया भाव के साथ ही अहिंसा के अभय दान की प्रेरणा देता है । नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण से जोड़ता है । हमारी संस्कृति ने उन सभी जीवो , वनस्पतियों तथा वस्तुओं को सम्मान दिया है जो हमारे अस्तित्व को बचाने में सहायक हैं । हमारे पुराणों में यक्ष , किन्नर एवं गंधर्व की भांति नागों का भी वर्णन है ।

सांप शक्ति एवं सूर्य के अवतार माने गए हैं । यही कारण है कि नाग को देवताओं की श्रेणी में रखा गया है । हिंदू धर्म - ग्रंथों के अनुसार नाग महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी कदरू की संतान है ।पुराणों के अनुसार सूर्य के रथ में बारह सर्प (नाग) विराजमान है । यही नाग प्रत्येक माह रथ के वाहक बनते हैं । हमारे धर्म ग्रंथ में आए कथानको के अनुसार शेषनाग ही रामावतार में लक्ष्मण और कृष्णावतार में बलराम के रूप में अवतरित हुए थे ।मोहनजोदड़ो , हड़प्पा और सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष इस बात के साक्षी हैं कि नागों के पूजन की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है । मिस्र की सभ्यता भी अत्यंत प्राचीन है जहां आज भी शेख हरेदी नामक पर्वत पर सांपों की पूजा की जाती है । पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में नाग पंचमी का उत्सव सपेरों के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है । देखा जा रहा है कि पर्वतीय प्रदेशों में नाग पूजा का प्रचलन अधिक है । सुप्रसिद्ध संस्कृत कवि कल्हण ने राज तरंगिणी ग्रंथ में कश्मीर की धरती का दिव्य सपेरों से संबंध बताया है । अनंतनाग नामक स्थान इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है । यह मान्यता भी है कि नाग पंचमी के दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा कालिया मर्दन लीला हुई थी ।इसी तरह भविष्य पुराण में कथानक है कि देवासुर संग्राम में हुए समुद्र मंथन से उच्चश्रवा नामक अश्व ( घोड़ा ) निकला था । उसे देखकर नाग माता कदरू ने अपनी सौत विनीता से कहा इस घोड़े का रंग सफेद है , परंतु बाल काले दिखाई पड़ते हैं । इस बात को लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया । पुत्र नागों द्वारा विरोध करने पर कदरू ने क्रोधित होकर उन्हें राजा जन्मेजय द्वारा किए जाने वाले सर्प यज्ञ के दौरान भस्म हो जाने का श्राप दे डाला । तब ब्रह्मा जी के वरदान से आस्तिक मुनि ने सर्प यज्ञ को रोककर नागों के प्राणों की रक्षा की । मान्यता है कि ब्रह्मा जी द्वारा पंचमी के दिन वरदान दिए जाने और पंचमी के दिन ही आस्तिक मुनि द्वारा नागों की रक्षा किए जाने के कारण पंचमी तिथि नागों को समर्पित कर दी गई । नाग पंचमी पर मुख्यतः पांच पौराणिक नागों की पूजा होती है - अनंत, वासुकी , तक्षक , कर्कोटक एवं पिंगल । असंख्य फन वाले अनंत शेषनाग की शैय्या पर भगवान विष्णु विश्राम करते हैं । वासुकी नाग को मंदराचल में लपेटकर समुद्र मंथन हुआ था ।तक्षक के डसने से राजा परीक्षित की मृत्यु हुई थी । नागवंशी कर्कोटक के छल से रुष्ट होकर नारद जी ने उसे श्राप दिया था । हिंदू व बौद्ध साहित्य में पिंगल को कलिंग में छिपे खजाने का संरक्षक माना गया है ।

# कैसे बुझेगी मणिपुर में नफरत की आग ?

**गंभीर मुद्दा**

**मनोज कुमार अग्रवाल**



संकटग्रस्त मणिपुर में हिंसा की एक ताजा घटना में, शुक्रवार सुबह तांगखुल नागा बहुल उखरूल जिले के कुकी थोवई गांव में भारी गोलीबारी के बाद कम से कम तीन लोग मारे गए हैं। एक सप्ताह से कुछ शांत दिख रहे माहौल को इस वारदात ने एकाएक अशांति के उसी दावानल में धकेल दिया जिसमें पिछले तीन माह से मणिपुर जल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से मणिपुर के साथ देश की प्रतिबद्धता की बात कही लेकिन क्या इतना कहना मात्र विकराल रूप धारण कर चुकी समस्या का समाधान दे सकता है?

मौजूदा ताज़ा हिंसा के संबंध में सुरक्षा सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि उखरूल जिले के लिटन पुलिस स्टेशन के तहत कुकी थोवई गांव में भारी गोलीबारी हुई, ग्रामीणों ने बताया कि गांव से भारी गोलीबारी की आवाज सुनी गई है। उखरुल के एसपी निंगशेम वाशुम ने संवाददाताओं को बताया कि कथित तौर पर तीनों ग्राम रक्षक थे जिन्हें गांव की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।÷घटना स्पष्ट रूप से राज्य में चल रही जातीय समस्या से संबंधित है। कुछ हथियारबंद बदमाश गांव में घुस आए और गांव की रखवाली कर रहे तीन लोगों को गोली मार दी गई। अब इलाके में गोलीबारी बंद हो गई है और सेना और पुलिस सहित सुरक्षा बल तैनात हैं। क्षेत्र में चले गए,÷ उन्होंने कहा।

गौरतलब है कि कुकी थोवई गांव उखरुल जिले के अंतर्गत आता है, जहां राज्य के मैतेई और कुकी-ज़ोमी समुदायों के बीच चल रही झड़पों में हिंसा नहीं देखी गई है।

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर बीते करीब साढ़े तीन माह से जल रहा है। लोग डर और दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। राज्य में जारी नस्लीय हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले कुछ दिनों की शांति के बाद एक बार फिर राज्य में हिंसा भड़क उठी है। पुलिस के मुताबिक उखरुल जिले के लिटन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत थवई कुकी गांव में संदिग्ध मैतेई सशस्त्र बदमाशों और कुकी स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन कुकी युवक मारे गए। ऐसे में हिंसा न रोक पाने के कारणों को लेकर सरकार पर सवाल उठने लाजमी हैं। विपक्ष लगातर पूछ रहा है कि केंद्र और राज्य सरकार हिंसा क्यों नहीं रोक पा रही हैं। उधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हम मणिपुर में शांति के लिए प्रयास और प्रार्थना कर रहे हैं। हम काफी हद तक शांति बहाल करने की कोशिश में सफल हो रहे हैं। ध्यान रहे मणिपुर में हिंसा की रोकथाम के लिए पुलिस और सुरक्षाबल लगातार हर संभव प्रयास करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में सुरक्षा बलों ने राज्य व्यापी अभियान चला रखा है।

बीते दिनों सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान हिंसा प्रभावित मणिपुर के कई जिलों से हथियार, कारतूस और बम बरामद हुए थे। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में 3 मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में हुई हिंसा में अब तक 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मैतेई समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह राज्य के पर्वतीय जिलों में रहते हैं। जानकारों के मुताबिक मणिपुर की हिंसा सिर्फ दो ग्रुपों का झगड़ा नहीं है, बल्कि ये कई समुदायों से भी गहराई से जुड़ा है। ये कई दशकों से जुड़ी समस्या है। जिसे अब तक सिर्फ सतह पर ही देखा जा रहा है।

पिछले दिनों एक चर्चा में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे ने कहा था कि मणिपुर में जो हो रहा है उसमें विदेशी एजेंसियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। वास्तव में राज्य में स्थिति खतरनाक है और देश की एकता के लिए इसे नियंत्रित करना जरूरी है। सीमावर्ती राज्यों में अस्थिरता देश की समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अच्छा नहीं है।

शुक्रवार की ताजा हिंसक वारदात ने एक हफ्ते से सामान्य की ओर लौट रहे मणिपुर में भीतर जल रही नफरत की आग का हवाला दे दिया है। जब ताज़ा गोलीबारी के बाद पुलिस ने गांवों और आसपास के जंगलों सहित क्षेत्र में गहन तलाशी ली, तो तीन लापता युवकों के बुरी तरह से क्षत-विक्षत शव बरामद हुए।

पीड़ितों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थांगखोकाई हाओकिप (35) और हॉलेंसन बाइट (24) के रूप में की गई है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि उनके शरीर पर धारदार हथियार के चोट के निशान थे और उनके अंग कटे हुए थे। 3 मई से राज्य में चल रही जातीय हिंसा मुख्य रूप से मैतेई-प्रभुत्व वाले बिष्णुपुर, इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व और काकचिंग और कुकी-ज़ोमी-प्रभुत्व वाले चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों तक ही सीमित थी।राज्य का नागा समुदाय मौजूदा संघर्ष से सुरक्षित दूरी बनाए हुए है क्योंकि इसके विधायकों और नागरिक समाज के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि मुद्दे के किसी भी राजनीतिक समाधान और कुकी-ज़ोमी क्षेत्रों को अलग प्रशासन देने की किसी भी योजना के मामले में उनसे परामर्श किया जाना चाहिए। नागा क्षेत्रों को प्रभावित नहीं करना चाहिए।

इस सप्ताह की शुरुआत में, स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जातीय हिंसा से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति में सुधार हो रहा है और कहा कि इसकी समस्याओं का समाधान केवल शांति के माध्यम से पाया जा सकता है। उन्होंने कहा, %%देश मणिपुर के साथ है।%%लेकिन क्या महज थोथरी बयान बाजी से मणिपुर में अमन चैन वापस आ सकता है? वास्तव में अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार बिना देर किए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल या इसी स्तर के किसी जिम्मेदार शख्सियत को शांति स्थापना के लिए तैनात कर मणिपुर की नफरत की आग को नियंत्रित कर शांति की स्थापना करे।

# तालीबानी प्रशासन पाकिस्तान से बेहतर?

**विदेश**

**श्रुति व्यास**

अफगानिस्तान में तालिबान के राज के दो साल पूरे हुए। दो वर्ष बाद की अफगानिस्तान की जो तस्वीर है वह निर्मम और दुःखद है। तालिबानी राज का दूसरा दौर उतना ही बुरा है जितना पहला दौर था ङ्क विशेषकर महिलाओं और लड़कियों के लिए। अफगानिस्तान अब दुनिया का इकलौता देश है जहां लड़कियों के लिए मिडिल से ऊंची शिक्षा हासिल करना और ज्यादातर तरह के काम करना गैर-कानूनी है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार अफगानिस्तान में स्कूल जाने की उम्र की 25 लाख लड़कियों में से 80 प्रतिशत शिक्षा से वंचित हैं। अफ़गानिस्तान का ज्यादातर हिस्सा भुखमरी का शिकार है। विदेशी निवेश और विदेशी पैसा आना बंद है क्योंकि विदेशी बैंक अफगानिस्तान से लेनदेन के लिए तैयार नहीं हैं। विश्व बैंक के अनुसार अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार 2021 से 2022 के बीच 35 प्रतिशत सिकुड़ा है। जैसा अनुमान था, तालिबान ने अपने स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों को सत्ता में हिस्सेदारी नहीं दी। शासन में ज्यादातर मुल्ला पख्तून हैं जो अफगानिस्तान का सबसे बड़ा कबीला है। उसके बहुत से प्रतिद्वंद्वी ताजिक हैं, जो दूसरा बड़ा कबीला है। इससे इन दोनों समूहों के बीच टकराव दुबारा शुरू होने का खतरा बढ़ गया है, जैसा की1990 के दशक में हुआ और देश तबाह हुआ। जहां तक आतंकवाद का प्रश्न है, अफगानिस्तान आतंकवादियों की पनाहगाह है। एक साल से कुछ अधिक समय पहले, अमरीकी सरकार ने अल कायदा नेता अल-जवाहिरी को काबुल में ढूंढा और ड्रोन हमले से उसे मौत के घाट उतारा। अफगानिस्तान में दो श्रेणियों के आतंकवादी समूह हैं- पहले वे जो तालिबान के साथ हैं और दूसरे वे जो तालिबान के खिलाफ हैं। तालिबान के सहयोगी समूहों में अल कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और मध्य एशिया के कई जेहादी हैं। तालिबान विरोधी संगठनों में से प्रमुख है इस्लामिक स्टेट खोरासन (आईसिस-के) जिसे लेकर सबसे ज्यादा चिंता है। विश्व स्तर पर अल-कायदा अब तक के अपने इतिहास में सबसे कमज़ोर स्थिति में है। सीरिया और ईराक में हुए युद्धों के नतीजे में उभरे आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के कारण अल कायदा कमजोर हो गया है। और तालिबानी, इस्लामिक स्टेट के स्थानीय साथी संगठन ङ्क जिसे वह खतरनाक प्रतिद्वंद्वी मानता है ङ्क पर हमलावर है। वह पूर्वी अफगानिस्तान व अन्य स्थानों पर स्थित उसके छिपने के ठिकानों पर हमले कर रहा है।बावजूद इसके सब के कहा जा रहा है कि तालिबान का राज इतना बुरा भी नहीं है। ऐसी खबरें थीं कि देश की मुद्रा अफगानी की कीमत जब दिसंबर 2021 में रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंची तब मौलवियों ने केन्द्रीय बैंक से सलाह मांगी जिसमें बड़ी संख्या में पश्चिमी देशों में शिक्षित अधिकारी हैं और इसके कारण करेंसी में स्थिरता लौटी। आज उसका मूल्य डालर की तुलना में काबुल के पतन के दिन से 7 प्रतिशत कम है। भ्रष्टाचार पर अंकुश है। शरीयत कानून से कानून-व्यवस्था पर कठोर नियंत्रण है। विदेशी पाबंदियों के बावजूद तालिबान सरकार अपने कर्मचारियों के वेतन के लिए पर्याप्त रकम जुटा पा रही है। काबुल स्थित एक मीडिया संस्थान के प्रमुख, जिन्हें किसी भी तरह से मुल्लाओं का प्रशंसक नहीं माना जा सकता, वे मानते हैं कि अफगानिस्तान में प्रशासन पाकिस्तान से बेहतर है। वे यह भी मानते हैं कि अफगान टीवी चैनलों को भारत और तुर्की के चैनलों की तुलना में खबरें देने की अधिक आजादी है। अफगानिस्तान की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत की पड़ताल में रूचि रखने वाले विदेशी और स्थानीय पुरातत्ववेत्ताओं और क्यूरेटरों का एक समूह, जो काबुल में है, तालिबान की इस बात के लिए प्रशंसा करता है कि वह देश में इस्लाम के आने के पहले के समय से जुड़े पुरातात्विक स्थलों की भी मरम्मत और देखभाल कर रहा है।लेकिन इससे लोगों की बुरी दशा पर पर्दा नहीं पडता। अफगानिस्तान में नौकरियां नहीं हैं। पूरे देश में कुपोषण की स्थिति गंभीर होती जा रही है। खाद्यान्नों की जबरदस्त कमी है। दो जून की रोटी जुटाने के लिए बच्चों को भी माता-पिता जितनी मेहनत करनी पड़ रही है। सन् 2019 में 63 लाख अफगानियों को मानवीय सहायता की जरूरत थी और आज 2 करोड़ 80 लाख को है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार 97 प्रतिशत अफगान गरीबी की रेखा के नीचे जी रहे हैं। महिलाओं के स्कूलों में दाखिले, काम करने और आजादी से रहने की मनाही है।ध्यान रहे सऊदी अरब, जो दुनिया के उन चन्द देशों में से एक हैं जिन्होंने तालिबान सरकार को मान्यता दी है, ने भी लड़कियों की माध्यमिक स्कूलों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश वर्जित की निंदा की बुई है। तालिबानी अफगानिस्तान लगभग पूरी दुनिया से अलग-थलग है। जहां तक अफगानियों का सवाल है, जो देश छोड़कर नहीं जा सके हैं उन्होंने अपनी किस्मत से समझौता कर लिया है। वे थके हुए हैं और निराश भी। तालिबानी शासको को जनभावनाओं के बारे में न तो कुछ पता है और ना ही उसकी परवाह है क्योंकि वे ताकत और बंदूक से राज करते हैं। पश्चिमी देश नाराज़ तो है लेकिन किसी की भी अफ़गानिस्तान में दिलचस्पी नहीं रही। अफगानिस्तान दुनिया की नजरों से दूर और उसके दिमाग से बाहर हो है और अफगानियों को कही से, किसी का भी सहारा नहीं है।

**सेहत**

# सूंघने की क्षमता खोना बड़े खतरे की आहट!

क्या आपकी सूंघने की कैपिसिटी कमजोर पड़ रही है? अगर आपका जवाब हां है तो वक्त आ गया है कि सतर्क हो लिया जाए. ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि सूंघने की क्षमता खोना गंभीर बीमारियों की चपेट में आने का एक संकेत भी हो सकता है. हाल ही में हुए एक शोध में यह पाया गया है कि अगर किसी व्यक्ति की सूंघने की क्षमता प्रभावित हो रही है तो हो सकता है कि उसे अल्जाइमर और डिमेंशिया की बीमारी हो. सूंघने की कैपिसिटी खोना डिप्रेशन का भी एक संकेत हो सकता है. एक अध्ययन में पाया गया है कि व्यक्ति की सूंघने की कैपिसिटी जितनी ज्यादा खराब होती है, उतनी ही खराब उसकी मेंटल हेल्थ भी होती है. ऐसा नहीं है कि सूंघने की क्षमता कमजोर पड़ने से डिप्रेशन का खतरा रहता है. लेकिन इतना जरूर है कि ये किसी के डिप्रेशन में होने का संकेत हो सकता है. सूंघने की कैपिसिटी खोना हमारे स्वास्थ्य को कई मायनों में प्रभावित करता है. अगर आप कभी-भी ये लक्षण अपने शरीर में महसूस करें तो बिल्कुल नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से अपनी जांच कराएं. स्मैल करने कैपिसिटी का खोना अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव डिज़ीज़ की शुरूआत होने का वार्निंग सिग्नल हो सकता है. एनएचएस कहता है कि पीड़ित लोग जितनी जल्दी डॉक्टर से हेल्प लेंगे, उतनी ही जल्दी उन्हें ठीक होने में मदद मिलेगी. ऐसे बहुत से लोग हैं जो डिप्रेशन से जूझ रहे होते हैं, लेकिन डॉक्टर से मदद नहीं लेते. आपको शरीर में किसी भी तरह के असामान्य लक्षण दिखाई दें तो डॉक्टर के पास जाने में बिल्कुल देरी ना करें. क्योंकि देरी करने से आपकी जान खतरे में पड़ सकती है.

## जानें कितने घंटे की नींद है आपके लिए काफी

नींद आना और न आना हमारे हाथ में नहीं है लेकिन कुछ आदतों में सुधार कर पर्याप्त नींद ली जा सकती है.बच्चों को नींद ज्यादा आती है तो वहीं बुजुर्गों को नींद ही नहीं आती है. ऐसे में हर किसी के मन में यह सवाल उठता है कि आखिर कार किस उम्र के व्यक्ति को कितने घंटे सोना चाहिए. असल में किसे कितने घंटे सोना चाहिए यह उसके उम्र पर निर्भर करता है. अगर आप अपनी उम्र के अनुसार नींद नहीं ले रहें हो तो आप बीमार भी पड़ सकते हैं. ऐसे में यह जाना जरूरी है कि आपको कितने घंटे सोना चाहिए.

नेशनल स्लीप फाउंडेशन के अनुसार 0 से 3 महीने के बच्चों के 14 से 17 घंटे सोना चाहिए. 4 से12 महीने के बच्चों के 12 से 16 घंटे सोना चाहिए. 1 से 2 साल के बच्चों को 11 से 14 घंटे सोना चाहिए. 3 से 5 साल के बच्चों को 10 से 13 घंटे सोना चाहिए. 6 से 9 साल का बच्चों को 9 से 12 घंटे सोना चाहिए. 14 से 17 साल के बच्चों को प्रतिदिन लगभग 8-10 सोना चाहिए. अंत में युवाओं को 7 से 9 घंटे की नींद लेनी चाहिए. तो, 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को प्रतिदिन 7-8 घंटे की नींद लेनी चाहिए.

नेशनल स्लीप फाउंडेशन के शोध की मानें तो टीनएज गर्ल्स को 8 से 10 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है. वहीं 24 से लेकर 64 साल की महिलाओं को दिन में सात घंटे की नींद अवश्य लेनी चाहिए. एक रिसर्च में ये पाया गया है कि महिलाओं को पुरूषों के मुकाबले ज्यादा नींद की ज़रूरत होती है. हर महिला को पुरूष से 20 मिनट ज्यादा सोना चाहिए.

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना: 27 युवाओं को मिला 54 लाख का ऋण

## कलेक्टर ने युवाओं से चर्चा कर उन्हें ऋण का चेक प्रदान कर दी शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव, 19 अगस्त।** गुरुवार को आयोजित टास्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 27 युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवाओं से स्थापित किये जा रहे उद्यमों के संबंध में जानकारी ली। जिसमें भंडार सिवनी के रामकुमार ने बताया कि वे इससे किराना का व्यवसाय प्रारंभ करेंगे वहीं अंकुश शुक्ला ने बताया कि वे अग्नि सुरक्षा से संबंधित कार्य पूर्व में भी करते रहे है। ऋण प्राप्त होने से अब वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करेंगे। कुम्हार पारा के शंभु नेताम ने बताया कि वे सेंट्रींग प्लेट का व्यवसाय प्रारंभ करेंगे। जिससे उन्हें निरंतर आय प्राप्त होगी। कलेक्टर ने सभी को शुभाकामनाएं दी।

इसके दौरान किराना दुकान हेतु केवटी के बाइस राम नेताम, चौड़ंग के रूपसिंह कोर्राम, सलना के उदय कुमार, सातगांव के वरूण पाण्डे, बंगोली के रामूराम नेताम, सिंगरपुरी की श्यामा प्रधान, केरावाही के अनित कुमार, डीएनके की सपना मजुमदार, ओटेंडा की शंति मरकाम, नहर पारा की पायल, भण्डारशिवनी के राम कुमार मरकाम तथा कपड़ा दुकान हेतु दहिकोंगा के राजेन्द्र साहू, हाड़ीगांव के लक्ष्मण मरकाम, डीएनके की अमृता कोर्राम, बागबेड़ा के पुनाऊ राम मरकाम, पल्ली के मूलचंद मरकाम, बीज भण्डार के लिए जुगानी कैम्प की पूर्णलक्ष्मी विश्वास, ग्रहक सेवा केन्द्र के लिए फरसगांव के दिलीप कुमार, फैंसी स्टोर्स के लिए केवटी की गीता नाग एवं जुगानी कलार के अरूण कुमार, सिलाई सेवा के लिए चौड़ंग की प्रेमबती नेताम, फोटो कॉपी दुकान हेतु हसलनार की गीता मण्डावी, डेली निड्स के लिए माकड़ी की ज्योति साहू, चप्पल दुकान के लिए गारका के पेमेन्द्र कुमार, स्पोटर्स सामग्री दुकान के लिए लुभा के तीजू राम को 02-02 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत विनिर्माण एवं सेवा के अतिरिक्त व्यवसाय एवं क्रियाकलाप करने के लिये पहले आओ पहले पाओ तथा बैंक के समव्यवहार पर आवेदन अनुशंसित कर योजनांतर्गत सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख, विनिर्माण उद्योग हेतु अधिकतम 25 लाख तथा व्यवसाय क्षेत्र हेतु अधिकतम 02 लाख परियोजनांतर्गत वित्तीय संस्थानों तथा बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें मार्जिन मनी पर उन्हें अनुदान प्राप्त होगा। जिसमें स्वीकृत परियोजना लागत में समान्य वर्ग को 10 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, महिला, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावितों को 15 प्रतिशत अधिकतम 1.5 लाख, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को 25 प्रतिशत

### युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना बना एक सबंल

**दन्तेवाड़ा, 19 अगस्त।** माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं को राज्य शासन के द्वारा बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस कड़ी में जिले में अब तक कुल 540 बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत इसकी पांचवी किस्त अगस्त माह के अंत में जारी होगी। गौरतलब है कि जिले में अब तक 40 लाख रुपये से अधिक की भत्ते की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले युवा पर आवेदन कर सकते है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगारी युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने हेतु संकल्प योजना अंतर्गत 21 अगस्त को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में एक अप्रैल से लागू हुई बेरोजगारी भत्ता योजना अनेक युवाओं के कैरियर को एक नया मुकाम देने में मददगार बन गया है। बेरोजगारी भत्ता शुरू किए जाने से जरूरतमंद युवाओं को एक बड़ा सहयोग मिला है। इस संबंध में बेरोजगार युवाओं ने बताया कि उनकी यह सारी जरूरतें अब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू की गई बेरोजगारी भत्ते की राशि से पूरी हो रही है। यूं तो सभी जानते है कि निर्धन परिवार के युवाओं लिए कभी-कभी पैसे का इंतजाम कर पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे आड़े वक्त में बेरोजगारी भत्ता बहुत बड़ा सबंल साबित हो रहा है। फिर चाहे वह परीक्षा की तैयारी हो या फिर पुस्तक खरीदना, फीस इत्यादि इसके अलावा अपनी अन्य जरूरतों में भी भत्तें की वजह से सभी चीजें आसान हो रही है।

## एक नजर

### मत्स्य पालक कृषकों को जालसाजों से सावधान रहने की अपील

**उत्तर बस्तर कांकेर 19 अगस्त।** मछली पालन विभाग के सहायक संचालक आर.एन. नाग द्वारा मत्स्य पालन करने वाले कृषकों को प्रलोभन देने वाले जालसाजों से सावधान रहने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि मछली पालन विभाग कांकेर को कृषकों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि जिले में कुछ व्यक्तियों द्वारा मछली पालन से संबंधित एन.एफ.डी.बी. योजना का नाम लेकर एक एकड़ भूमि पर तालाब खुदाई एवं बोर खनन के लिए 40 लाख रूपये का अनुदान दिलाये जाने की बात कहते हुए व्यक्तियों से एक एकड़ भूमि का नक्शा-खसरा, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, फोटो एवं रूपयों की मांग की जा रही है। उक्त संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि शासन द्वारा ऐसी किसी भी योजना का संचालन नहीं किया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की गलत जानकारी देते हुए कृषकों को संपर्क करता है तो ऐसे व्यक्ति की जानकारी तत्काल मछली पालन विभाग कांकेर को दिया जावे।

### विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**रायपुर 19 अगस्त।** उत्तर विधानसभा के विधायक श्री कुलदीप सिंह जुनेजा ने अपने हर वार्ड के लोगो को उनके व्यक्तिगत सामाजिक भवन अपने विकास निधि से स्वीकृत किए है इसी विकास क्रम में उत्तर के सक्रिय विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा एम आई सी सदस्य आकाश तिवारी ,क्षेत्र पार्षद सुमन राम प्रजापति,विंध्येशवर महादेव मन्दिर ट्रस्ट व ब्राम्हण समाज की उपस्थिती में शंकर नगर स्थित विंध्येश्वर महादेव मंदिर समीप 10लाख के सामुदायिक भवन का विधिवत फीता काट कर शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया यह भवन क्षेत्र के समाजिक एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनो के लिए उपयोग होगी विधायक कुलदीप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा ब्राह्मण समाज सदैव सदकार्यों में रही है और समाज को सत्य मार्गो की दिशा दिखाने का कार्य की है और ब्राह्मण समाज का अपना एक अलग पहचान है समाज ने प्रदेश एवम देश को भारतीय प्रशासनिक सेवा हो चाहे राज्य प्रशासनिक सेवा या इनके अलावा हर क्षेत्र में अपने समाज का नाम रौशन कर रहे है उन्होंने उपस्थित क्षेत्रवासियों को नए भवन की बधाई एवम शुभकामनाए प्रेषित की इस अवसर पर एम आई सी सदस्य आकाश तिवारी,क्षेत्र पार्षद राम सुमन प्रजापति,रमेश शुक्ला, देवा विनोदिया,दिनेश शुक्ला विप्र वाहिनी संघ प्रदेश अध्यक्ष,पंकज तिवारी,मुन्ना चैबे,मथुरा तिवारी, संध्या दुबे विंध्येश्वर महादेव ट्रस्ट, बुना निधि मिश्रा राष्ट्रीय वर्ल्ड ब्राह्मण संघ उपाध्यक्ष , प्रेम शुक्ला सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी के अधूरे कार्यों को पूरा करना हमारा संकल्प : डॉ. महंत

**रायपुर 19 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संचार क्रांति के स्वप्न दृष्टा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, भारत की तस्वीर को बेहतर बनाने में उनके योगदान का वर्णन करना मुमकिन नहीं है। भारत रत्न राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। उनकी सोच हम सबको आज भी प्रेरणा देती है। डॉ. महंत ने कहा कि, समूचा भारत राष्ट्र निर्माण में आपके योगदान को सदैव याद करता है और हमेशा याद रखेगा। भारत में कंप्यूटर ( इंटरनेट ब्रॉडबैंड ) की शुरुआत कर संचार क्रांति के नए युग की आधारशिला रखी, देश के विकास को नई गति दी। युवा भारत की नींव रखी, देश में 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार का अधिकार दिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज की कल्पना को मूर्त रूप दिया और ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को प्रजातंत्र के रास्ते नयी पहचान दी। मेधावी बच्चों को अच्छी शिक्षा और सुविधा देने के लिए एनपीई की मदद से जवाहर नवोदय विद्यालयों की शुरुआत हुई। राजीव गांधी जी ने अर्थव्यवस्था के सेक्टर्स को खोला, साल 1988 में की उनकी चीन यात्रा ऐतिहासिक थी। डॉ. महंत ने कहा कि, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के जन्मदिन को सदभावना दिवस के रूप में मनाया जाता है, हम सब आज यह संकल्प लेते हैं कि राजीव जी के सपनों के भारत के शेष अधूरे कार्यों को पूरा करने हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

# आस्था विद्या मंदिर जावंगा में लगाया गया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 350 विद्यार्थियों की हुई जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम 19 अगस्त।** आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के तत्वावधान में स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा एवं जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर जगदलपुर के सहयोग से बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र शिविर विकासखण्ड गीदम के जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में 18 अगस्त 2023 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक देवती महेंद्र कर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए आई फ्लू, तथा अन्य संक्रमण रोग से बचाव के लिए सुरक्षित रहने की अपील की। आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल सीएसआर मुख्य डॉ तेज प्रकाश ने आरोग्य बाल ज्योति योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नेत्र दृष्टि कमजोर बच्चों को निःशुल्क चश्मा संस्था के द्वारा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक दंतेवाड़ा श्याम लाल शोरी, एपीसी राजेंद्र पांडे, गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वय जितेंद्र शर्मा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ देवेंद्र पराशर, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडे, चारों विकासखंड के बीआरपी नारायण साहू, विजय रजक, अनुमेहा तिवारी, पूनम जय सिंघानिया, अधीक्षक रवि प्रकाश ठाकुर, अधिक्षिका सुषमा दास, वरिष्ठ शिक्षक अमुजुरी विश्वनाथ, सर्व संकुल समन्वयक, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर जगदलपुर के मेडिकल टीम के डॉक्टर एवं सदस्यों ने नेत्र परीक्षण किया तथा नेत्र समस्या ग्रस्त बच्चों को निःशुल्क दवाइयां वितरित किया। नेत्र दृष्टि कमजोर 140 बच्चों को चश्मा के लिए चिन्हांकन किया गया। इस कार्यक्रम में 350 विद्यार्थियों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सद्भावना दिवस पर कर्मियों ने ली प्रतिज्ञा



**उत्तर बस्तर कांकेर 19 अगस्त।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण आज 18 अगस्त को सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यालय, कक्ष सद्भावना दिवस संबंधी प्रतिज्ञा ली गई। जिसमें जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिज्ञा लिया गया।

### अल्प वर्षा की स्थिति में कृषि कार्य के लिए समसामयिक सलाह

**उत्तर बस्तर कांकेर 19 अगस्त।** जिले में अल्प वर्षा की स्थिति को देखते कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा सीधी बुआई किये हुए खेत में बियासी नहीं करके इसके स्थान पर पाटा चलाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि रोपाई नहीं किये हुए नर्सरी, थरहा की अवधि 30 से 35 दिन से अधिक होने पर कृषक धान के थरहा को ऊपर से आधा काटने के बाद एक स्थान पर 3 से 4 पौधों की रोपाई करें। अल्प वर्षा की स्थिति में उच्चहन धान के खेत में कम नमी को देखते हुये यूरिया का सीधे फसल में छिड़काव के स्थान पर यूरिया का 2-2 प्रतिशत का घोल तैयार कर धान की खड़ी फसल में छिड़काव किया जाए। सिंचाई उपलब्ध होने के स्थिति में फसल सुरक्षा के हिसाब से आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। मृदा में नमी को लम्बे समय तक सुरक्षित करने के लिए खड़ी फसल में हाथ के द्वारा खरपतवार नियंत्रण करना चाहिए। जल के धीरे-धीरे रिसाव के लिए खेत के किनारे में छोटा सा डबरी का निर्माण करें, जिसमें 1 क्यूबिक मीटर जल संग्रहित हो। धान के मध्यम भूमि में खेत में नमी सुरक्षित करने के लिए खेत के ऊपर एवं नीचे की ओर नाली बनायें। रोपा किये गये खेत में निंदानाशक दवाई का दो बार छिड़काव क्रमशः फेनोक्सोप्रोपईथाइल 60 ग्राम सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर, इथाक्सीसल्जयूरान 15 ग्राम सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर खरपतपार की दो-तीन पत्ती अवस्था पर या फसल बुवाई के 18-20 दिन बाद एवं उसके बाद बिस्पायरीबिक सोडियम 20 ग्राम सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर बोनी के 30-35 दिन बाद छिड़काव किया जाए।

### कांग्रेस सदमे में, हताश और निराश कांग्रेस के पास प्रलाप करने के अलावा अब और कोई काम नहीं बचा : भाजपा

**रायपुर 19 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी महामंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस का खेमा जिस प्रकार प्रलाप कर रहा है, उससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि भाजपा के 21 योद्धाओं की प्रथम पंक्ति को देखकर पूरी कांग्रेस सदमे में चली गई है। श्री कश्यप ने कहा कि गुटबाजी और अंतर्द्वंद्व से जूझ रही कांग्रेस अभी टिकट के दावेदारों से आवेदन ही जमा करने में लगी है और भाजपा ने जनता के आशीर्वाद से अपने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी। हताश और निराश कांग्रेस के पास प्रलाप करने के अलावा अब और कोई काम नहीं बचा है। श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा की छाती भेदने के राजनीतिक अहंकार में आकंठ डूबी कांग्रेस अब लोकतंत्र और जनादेश का अपमान करने में लग गई है।



**रायपुर 19 अगस्त।** श्री रामचन्द्र स्वामी जैतु साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में 18 अगस्त 2023 को सायं 4ः00 बजे श्री राधा कृष्ण जी को चांदी के सावन? झूला में बैठाया गया व विधिवत वैदिक पूजन के पश्चात भगवान श्री के भोग आरती कर प्रसाद वितरण किया गया, झुला महोत्सव 31/08/2023 पुर्णिमा तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. रामसुंदर दास महंत राजेश्री, महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी वही सभी भक्तजन उपस्थित रहे।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस पर ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 19 अगस्त।** राज्य शासन के निर्णयानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सदभावना दिवस के रूप में मनाये जाने के परिप्रेक्ष्य में कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग जगदलपुर सहित जिला कार्यालय और सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सम्पूर्ण देशवासियों के बीच भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने की शपथ ली। वहीं सभी प्रकार के मतभेद को बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग में उपायुक्त श्री बीएस सिदार ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ दिलाई। वहीं जिला कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर श्री एआर राना ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ दिलाई। इसके साथ ही अन्य कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों ने सदभावना दिवस पर देशवासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ ली।

# सामूहिक प्रयास से निर्वाचन दायित्व का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 19 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि सामूहिक प्रयास से निर्वाचन दायित्व का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संवेदनशीलता के मापदंड के आधार पर ही मतदान केन्द्रों का संवेदनशील केंद्र के रूप में चिन्हांकित किए जाने कहा। साथ ही रूट चार्ट और आपातकालीन परिस्थितियों की तैयारी कर निर्बाध निर्वाचन करवाने की तैयारी करने के निर्देश दिए। सभी सेक्टर अधिकारी भौतिक रूप से मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा ने कहा कि सेक्टर अधिकारियों का आपसी समन्वय कर वनरेबिलिटी के मापदंड की जाँच करें। रिटर्निंग अधिकारी की रिपोर्ट में कोई अंतर नहीं दिखना चाहिए, मतदान केंद्रों का पुनः निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाएं।प्रारंभिक होमवर्क बेहतर होना जरूरी ताकि निर्वाचन कार्य निर्बाध रूप से संपादित किया जा सके।

विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा तैयार वलेनरबिलिटी की स्थिति, आपातकालीन परिस्थितियों की तैयारी की स्थिति,रूट चार्ट की जानकारी के साथ सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर से चर्चा किया गया। शुक्रवार को कलेक्टर द्वारा आस्था हॉल में नारायणपुर विधानसभा और प्रेरणा हॉल में बस्तर विधानसभा, जगदलपुर विधानसभा, चित्रकोट विधानसभा के सेक्टर अधिकारियों का बैठक लिया गया। कलेक्टर ने बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले सेक्टर अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, योगेश देवांगन, सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी और सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ होंगे सम्मानित

# बीएलओ निर्वाचन के आधार स्तम्भ: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर 19 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त सभी बीएलओ की अंतागढ़ एवं दुर्गूकोंदल में बैठक लेकर मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ निर्वाचन के आधार स्तम्भ होते हैं, 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतादाता सूची में जोड़ा जाय तथा मृत व्यक्ति एवं स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जाए। मतदाता सूची से नाम विलोपन की कार्यवाही में पूरी सावधानी बरतने तथा बार-बार चेक करने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने अंतागढ़ एवं दुर्गूकोंदल में आयोजित बैठक में प्रत्येक बीएलओ से बात कर उनके द्वारा अब तक किये गये कार्यों की जानकारी ली तथा समस्याओं के संबंध में पूछताछ भी किया और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी जो भी समस्या है, उसकी सूची बनाकर दिया जावे, ताकि उनका विधिवत निराकरण किया जा सके। नये मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर द्वारा बीएलओ को प्रोत्साहित भी किया गया। पखांजूर क्षेत्र के बीएलओ को अपने ग्राम पंचायत के सचिव, मितानीन, रोजगार सहायक इत्यादि के सहयोग से घर-घर सर्वे कर त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए निर्देशित किया गया। सभी बीएलओ को अपने मतदान केन्द्र के मतदाताओं का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने की समझाइश भी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान होने पर संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ एवं सुपरवाईजर को पुरस्कृत किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों में 19 एवं 20 अगस्त को विशेष शिविर लगाये जायेंगे, जिसमें बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्रों में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस उईके, सहायक कलेक्टर एवं दुर्गूकोंदल के प्रभारी सीईओ प्रखर चन्द्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, संयुक्त कलेक्टर आस्था राजपूत, एसडीएम अंतागढ़ विश्वास कुमार, तहसीलदार राधाकृष्ण बंजारे, जनपद सीईओ विजयनारायण तिवारी, नायब तहसीलदार अंतागढ़ उमेश चौहान एवं नायब तहसीलदार दुर्गूकोंलद कृष्ण कुमार पाटले भी मौजूद थे।

# एक नजर

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**सुकमा 19 अगस्त।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने 3 अगस्त को आयोजित जिला पुनर्वास समिति की बैठक में नक्सली हिंसा से मारे गए आम नागरिकों के आश्रित परिवार, स्थायी व चल संपत्ति, जीविकोपार्जन के साधन के नुकसान तथा आत्मसमर्पण नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर कुल कुल 66 लाख 70 हजार रुपये स्वीकृति दी है। जिनमें 46 लाख 20 हजार की राशि में नक्सली हिंसा में मृतकों के आश्रित परिवारों के 7 व्यक्तियों को 5-5 लाख की आर्थिक सहायता राशि, नक्सल हिंसा में गंभीर घायल प्रकरणों में 2 व्यक्तियों को 2-2 लाख की राहत राशि, नक्सली हिंसा में जीविकोपार्जन के साधन की क्षति पर 6 लोगों को 40-40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि शामिल है। इसी तरह आत्मसमर्पित नक्सलियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि 20 लाख 50 हजार में 85 लोगों को 10-10 हजार तथा 48 आत्मसमर्पितों को 25-25 हजार रुपये स्वीकृत की गई है।

## महिला से लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई 19 अगस्त।** कैंप से दुकान बंद कर अपने बेटे के साथ सेक्टर-1 पर लौट रही महिला के साथ लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी कुम्हारी निवासी रोहित मालवी (22 वर्ष), रायपुर डीडी नगर निवासी अजय यादव (22 वर्ष) और कुम्हारी के दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम और मोबाइल, चाकू, कटार और बाइक जब्त किया उप पुलिस अधीक्षक ( क्राइम ) राजीव शर्मा ने बताया कि महिला अपने बेटे के साथ फ्लाई ओवर ब्रिज होते हुए सेक्टर-1 जा रही थी आरोपियों ने उसे रोका और चाकू टिकाकर उसका बैग लूट लिया। मोबाइल और सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों को पकड़ कर कार्रवाई की गई।

## व्रती प्रेमचंद जैन कुप्पी वाले छतरपुर की समाधि संपन्न



**चन्द्रगिरि डोंगरगढ़ 19 अगस्त।** विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में सप्तम प्रतिभाधारी श्री प्रेमचंद जी (छत्तरपुर म.प्र.) की सल्लेखना आज 19 अगस्त शनिवार प्रातः 7 बजकर 21 मिनिट पर महामंत्र जाप करते हुए संपन्न हुई। ज्ञातव्य हो कि छतरपुर वाले विगत 15 दिन पूर्व गुरुदेव चरणों में पहुंचे थे व सल्लेखना की प्रार्थना की। गुरुकृपा से उन्होने इस मृत्यु -महोत्सव को प्राप्त किया 10 निर्जला लगातार उपवास के साथ।

## ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**महासमुंद 19 अगस्त।** ज्ञान ज्योति शिशु मन्दिर में सोमवार को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने देश भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। 15 अगस्त 1947 में देश आजादी से पूर्व दो भागों में बंट गया था। यह हिन्दुस्तान के इतिहास की सबसे बड़ी विभीषिका थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष माधवराव टांकसाले ने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए स्वतंत्रता दिवस के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक बातें बताई। इस अवसर पर शाला परिसर में पौधरोपण भी किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी के संबंध में प्रभारी मंत्री ने दिए आवश्यक निर्देश

**महासमुंद 19 अगस्त।** आगामी 20 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल महासमुंद जिले के दौरे पर रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय हाई स्कूल मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं की हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किए जायेंगे। इसके अलावा करोड़ों रुपए के शिलान्यास एवं भूमिपूजन के विकास कार्यों का सौगात देंगे। आज शाम को जिले के प्रभारी मंत्री एवं गृह, लोक निर्माण, कृषि मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान संसदीय सचिव व विधायक महासमुन्द श्री विनोद चंद्राकर, कलेक्टर श्री प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह एवं आला अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री साहू ने आयोजन संबंधित तैयारी का घूम घूम कर जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

# महासमुंद में संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने किया ध्वजारोहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 19 अगस्त।** महासमुंद जिले में 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। देश की आजादी के 76 वर्ष पूरा होने के साथ ही 77 वां स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं महासमुंद विधायकविनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कलेक्टरप्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षकधर्मेन्द्र सिंह मंच पर मौजूद थे। मुख्य अतिथिचंद्राकर ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक नितीश आर नायर के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, नगर सैनिक, एन.सी.सी, एन.एस.एस., स्काउट गाइड, रेडक्रॉस की कुल 12 टुकड़ियों ने सलामी दी। मुख्य अतिथिचंद्राकर द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया एवं शांति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। कार्यक्रम में संसदीय सचिवचंद्राकर ने जिले के 20 शहीद के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और उन्हें शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 32 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति और परम्परा तथा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंग-बिरंगे पोशाकों में सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में 7 शालाओं के लगभग 600 बच्चों ने शानदार संगीतमयी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, द्वितीय स्थान न्यू होली फेथ महासमुंद एवं तृतीय स्थान महर्षि विद्या मंदिर मचेवा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथिचंद्राकर ने परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाले टुकड़ियों को सम्मानित किया। इनमें सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान नगर सेना महिला प्लाटून, द्वितीय स्थान 20वीं वाहिनी सशस्त्र पुलिस बल, तृतीय स्थान पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल रहा।

# जिला स्तरीय जैविक किसान मेला सह मिलेट कार्निवाल का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 19 अगस्त।** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वधान में जैविक खेती मिशन योजनान्तर्गत जिला स्तरीय जैविक किसान मेला सह मिलेट कार्निवल का आयोजन स्वामी विवेकानंद परिसर सुकमा में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने किसानों को जैविक खेती के महत्व को बताया तथा जैविक खेती एवं लघु धान्य फसलों की खेती करने के लिये प्रेरित किया। जैविक मेला सह मिलेट कार्निवल में कोदो, कुटकी, रागी, सॉवा, मोटे फसल अनाजों का जीवंत स्टॉल लगाया गया। जिसमें महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के महिला स्व सहायता समूह द्वारा रीपा में बनाये गए उत्पाद जैसे आचार, कोदो, कुटकी एवं रागी का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा द्वारा मूंग, उड़द और इंदिरा कोदो और कृषि यंत्र की प्रदर्शनी लगाई गई थी। पशुधन विकास विभाग द्वारा गौमूत्र से बने जैविका खाद एवं अन्य सामाग्रियों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

जैविक किसान मेला सह कार्निवल में उप संचालक श्री पीआर बघेल ने वर्तमान खरीफ फसलों के जैविक कृषि कार्यशाला के संबंध में जानकारी दिया और कोदो कुटकी एवं रागी की खेती के संबंध में एवं मुख्य खरीफ फसलों जैविक धान उड़द, मूंग की खेती एवं जैविक खेती में आ रही समस्याएं एवं निराकरण के संबंध में परिचर्चा करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कृषि उप संचालक ने बताया कि बस्तर संभाग प्रदेश में मिलेट फसलों के नाम से जाना जाता था, समय के साथ किसानों की रूची मिलेट फसलों में कम होने लगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मिलेट फसल के स्वास्थ्यवर्धक गुणों से प्रेरित होकर अब मिलेट फसल की खेती करने हेतु प्रोत्साहित हो रहे है। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने लघुवनोंपज हेतु समर्थन मूल्य निर्धारित होने से किसान मिलेट फसल हेतु प्रेरित हो रहे है। साथ ही जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा मिलेट फसल को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डीपीओ श्रीमती संजुला शर्मा ने जिले के कुपोषण दर को बताते हुए सभी लोगों को बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को दैनिक जीवन में गर्म भोजन के अलावा मिलेट्स के फसल शामिल करने बात कही। कृषकों एवं अतिथियों को भोजन में विशेष रूप से बने कोदो चावल की खिचड़ी कोदो हलवा एवं कुटकी खीर परोसा गया, जिसे कृषकों, अतिथियों तथा अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उक्त मोटा अनाज के व्यंजनों का तारीफ करते हुये लुत्फ उठाया गया। इस दौरान कार्निवल में उपस्थित सभी किसानों को स्थानीय भाषा में कला जत्था के माध्यम से उन्हे मिलेट फसल हेतु प्रोत्साहित किया गया और श्री मौर्य ने अपने कविता के माध्यम से लोकों को मिलेट फसल करने हेतु प्रेरित किया।

## सद्भावना दिवस पर कलेक्टर व अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

**सुकमा 19 अगस्त।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गाँधी जी के जयंती, सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस. एस सहित सभाकक्ष में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए शपथ ली कि वे जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना देश की सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए काम करेंगे। हिंसा का सहारा लिए बिना हर मतभेद को बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाएगें। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री डीआर ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिला कार्यालय के अलावा अन्य सभी कार्यालयों में भी सद्भावना दिवस शपथ पढ़ी गई।



# कसडोल मतदान केंद्र को डमी आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया

- आदर्श मतदान केंद्र में क्या-क्या सुविधाएं होनी चाहिए बताया गया
- नए मतदाताओं के साथ दिव्यांग मतदाताओं का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 19 अगस्त।** मतदाता जागरुकता कार्यक्रम (स्वीप) की तहत अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफ़िसर सरायपाली हेमंत रमेश नंदनवार (आईएएस) के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सरायपाली ब्लॉक के कसडोल मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में बनाकर आदर्श मतदान केंद्र में क्या-क्या खूबियां होती बताया और समझाया गया। मतदाताओं ईवीएम का प्रदर्शन मतदान करने के बारे में बताया गया। नए मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया गया। साथ ही नववधू का नाम मतदाता सूची में जोड़कर मतदान में सम्मिलित करते हुए उनका भी सम्मान किया गया।

आदर्श मतदान किस प्रकार से हो सकता है। उसकी विस्तृत जानकारी प्रैक्टिकल के साथ दी गई। मतदान केंद्र प्रणाली को अधिक महत्व देने के उद्देश्य से और मतदाताओं के लिए मतदान के पूरे अनुभव को आनंददायक एवं पुष्टिकरण बनाने के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाये जाते है। आदर्श मतदान केन्द्र के लिए आवश्यक है कि उस मतदान केन्द्र से संबंधित समस्त मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदाता पर्चियों का वितरण कर दिया गया हो। ताकि, मतदान में सुविधा हो सके। उक्त सुविधाओं को प्रदान करने के साथ-साथ यदि एक आदर्श मतदान केन्द्र के लिए कोई अतिरिक्त सुविधा या अन्य उपाय, जो भी उचित लगता हो का उपयोग भी कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

आदर्श मतदान केन्द्र की विशेषताएँ-मतदान केन्द्र का भवन- एक आदर्श मतदान केन्द्र वह होगा, जिसमें मतदान केन्द्र भवन के भूतल (जमीनी तल) पर स्थापित किया गया हो, साथ ही भवन साफ-सुथरा हो। मतदान केन्द्र की साज-सज्जा - मतदान केन्द्र का प्रवेश द्वार सुसज्जित होना चाहिए। मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सुगम पहुंच मार्ग होना चाहिए, ताकि मतदाताओं को परेशानी न हो। मतदान केन्द्र पर बिजली की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो सके। इसके अलावा बुजुर्ग मतदाताओं को प्राथमिकता-मतदान केन्द्र पर ऐसे मतदाताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो वरिष्ठ, वृद्ध, बीमार एवं दिव्यांग हैं, जिन्हें खड़े रहने मैं परेशानी होती हो। एक आदर्श मतदान केन्द्र पर रैम्प की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि दिव्यांग या चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर पहुँचने में सुविधा हो सके। व्हील चेयर की व्यवस्था - दिव्यांग या चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए केन्द्र पर व्हीलचेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि, उन्हें उनके सहायक की सहायता से मतदान केन्द्र तक बड़े आसानी के साथ पहुँचा जा सके। अतिरिक्त तहसीलदार जुगल किशोर पटेल एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल स्वयं उपस्थित होकर पूरे कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

# समाचार संक्षेप

## मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले के युवाओं से किया संवाद



**बीजापुर 19 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम के दौरान बीजापुर जिले के युवाओं ने उच्च शिक्षा के लिए सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में अवगत कराते हुए उक्त दूरस्थ ईलाके में महाविद्यालयीन समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया। भोपालपट्टनम स्थित इन्द्रावती कॉलेज की छात्रा बुसरा खातून ने कॉलेज में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने सहित महाविद्यालय भवन के मरम्मत करने तथा बाउंड्रीवाल निर्माण तथा ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास खोलने की मांग की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस बारे में कहा कि राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की सुविधाओं की सुलभता के लिए लगातार प्रयास कर रही है । मुख्यमंत्री ने कॉलेज भवन मरम्मत, बाउंड्रीवाल निर्माण और छात्रावास खोलने की घोषणा की। भोपालपटनम मे। भैरमगढ़ कॉलेज के छात्र प्रशांत दास ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बताया कि अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं में उच्च शिक्षा के प्रति काफी लगाव है लेकिन हॉस्टल की कमी के कारण उन्हें पढ़ाई में दिक्कत हो रही है। इसे ध्यान रखकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोली जाये।

## बुनियादी सुविधाओं का मिला सौगात



**बीजापुर 19 अगस्त।** विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा की उपस्थिति में भोपालपट्टनम ब्लॉक के सुदूर गांव बारेगुड़ा मे जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ जिसमें विधायक और कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को विभाग वार आवेदन लेकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।उक्त शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत, आदिवासी विकास,सड़क, सहित विभिन्न विभागों के अन्तर्गत आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गया विधायक एवं कलेक्टर ने सभी आवेदनों का नियमानुसार समयसीमा मे निराकरण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।वहीं सड़क बिजली पानी सहित कई बुनियादी सुविधाओं का सौगात ग्रामीणों को दिया गया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत एवं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री बसंत राव ताटी, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत श्रीमती सरिता चापा, सहित एसडीएम, सीईओ, एवं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## फोन-पे पर हुई थी एक लाख की ठगी, पुलिस ने वापस करवाई



**सुकमा 19 अगस्त।** जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में पुलिस ने ठगी के एक लाख रुपए प्रार्थिया को लौटाया है। पहली बार जिले में ऑनलाइन फ्रॉड में कोर्ट से ओदश प्राप्त कर बैंक से पैसे लौटाए गए हैं। उक्त कार्यवाही में जिला सुकमा के सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक संजय यादव एवं टीम के कर्मचारी महिला आरक्षक मीना गावड़े, आरक्षक लीलाराम पटेल,आरक्षक नेमपाल दिवाकर का योगदान रहा है। ठगी की रकम वापस पाकर प्रार्थिया ने पुलिस और सायबर की टीम का आभार माना है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 नवंबर 2022 को थाना पुसपाल क्षेत्र के पीएचसी पुसपाल में पदस्थ लल्ली साहू से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कॉल कर फोन पे के माध्यम से एक लाख रुपए की ठगी की गई थी। अपने साथ ठगी की जानकारी होने पर प्रार्थिया द्वारा तत्काल थाना पुसपाल पहुंचकर थाना प्रभारी पुसपाल के माध्यम से सायबर सेल प्रभारी सुकमा उप निरीक्षक संजय यादव को ठगी की जानकारी दी गई। जिस परसाइबर सेल सुकमा की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते साइबर पुलिस पोर्टल में शिकायत दर्ज कर तत्काल पैसे के ट्रेल को देखते हुए संबंधित बैंकों के नोडल को संपर्क कर राशि को होल्ड कराई गई। टोल फ्री नम्बर 1930 में कॉल करें उक्त होल्ड राशि के वापसी के लिए सुकमा न्यायालय से आदेश प्राप्त कर संबंधित बैंक से पत्राचार कर 17 अगस्त को यश बैंक द्वारा प्रार्थिया के खाते में एक लाख रुपए वापस कराया गया। सायबर सेल सुकमा द्वारा जिले के लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के फ्रॉड होने पर तत्काल डायल टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल सेंटर में सूचित करे।

# विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्यों के संपादन हेतु प्रभारी व नोडल अधिकारी के नामों मे आंशिक संशोधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 19 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी /सम्पन्न कराने हेतु जिला स्तर पर विभिन्न कार्यों के संपादन हेतु प्रभारी अधिकारी/नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए प्रभारी अधिकारी (जोनल/सेक्टर/रुट चार्ट) श्री फणेश्वर सोम एएसएलआर भू अभिलेख एवं श्री पीके कश्यप राजस्व निरीक्षक, भू-अभिलेख शाखा बीजापुर को नियुक्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी (मतदान दल गठन हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की व्यवस्था एवं समस्त प्रशिक्षण) श्री बलीराम बघेल जिला शिक्षा अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कर्मचारी कल्याण (मतदान दलों के अधिकारियों/कर्मचारियों के ठहरने/भोजन व्यवस्था) श्री विजयेन्द्र राठौर जिला परियोजना समन्वयक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, प्रभारी अधिकारी (दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु) श्री गीत कुमार सिन्हा उपसंचालक पंचायत, प्रभारी अधिकारी (ईव्हीएम वेयर हाऊस) श्री मनोज कुमार नांरग जिला कोषालय अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (ईव्हीएम प्रबंधन/प्रचार-प्रसार) श्री गीत कुमार सिन्हा उपं संचालक पंचायत, प्रभारी अधिकारी (यातायात एवं पीओएल व्यवस्था के लिये) श्री केएल महौर,जिला परिवहन अधिकारी एवं बीएल पदमाकर सहायक खाद्य अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (निर्वाचन सामग्री प्राप्ति/आंकलन/वितरण) श्री केएस मसराम सहायक आयुक्त आ.वि.शाखा एवं विजयेन्द्र राठौर जिला परियोजना समन्वयक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन बीजापुर, प्रभारी अधिकारी कार्यान्वयन (आदर्श आचरण संहिता एंव कानून व्यवस्था) श्री दिलीप उईके डिप्टी कलेक्टर एवं श्री डी.आर ध्रुव तहसीलदार, प्रभारी अधिकारी (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण) श्री प्रदीप गौर लेखाधिकारी छ.ग.ग्रा.स.वि.अभि., प्रभारी अधिकारी (प्रेक्षक) श्री रंगानाथा रामकृष्णा वाय. वनमंडलाधिकारी , प्रभारी अधिकारी (सेवा मतदाता/डाक मतपत्र/मतपत्र मुद्रण) श्री लोपेन्द्र महिनांग जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (मीडिया नियंत्रण/पेड न्यूज) श्री दिनेश नेताम सहायक संचालक जनसंपर्क , प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटरीकरण रेण्डमाईजेशन/अन्य साफटवेयर संबंधी कार्य श्री शुभम कुमार जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (स्ङ्खश्वश्वक्क) श्री रवि कुमार साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं गीत कुमार सिन्हा उप संचालक पंचायत, सुरक्षा व्यवस्था श्री चन्द्राकांत गवर्ना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, प्रभारी अधिकारी (शिकायत/सहायता केन्द्र/सुगम, सुविधा, समाधान) श्रभ् विकास सर्वे डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी अधिकारी (मतदान/मतगणना) श्री पवन कुमार प्रेमी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), प्रभारी अधिकारी (नियंत्रण कक्ष) श्री प्रितेश अहिरवार सहायक संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी, प्रभारी अधिकारी (टेण्ट, शामियाना, माईक, लाईट, विडियोग्राफी व्यवस्था एवं आंकलन तथा देयकों का सत्यापन) श्री बीएल ध्रुव कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, श्री जीएस दुर्वाशा, अनुविभागीय अधिकारी (विद्युत/यांत्रिकी), प्रभारी अधिकारी मतदान दलों के चौपर (हेलीकाप्टर) से परिवहन हेतु लाईजनिंग श्री गणेश राम कुर्रे जिला खाद्य अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (माईक्रोआब्जर्वर) श्री वेंकटरमन एटला सहायक परियोजना समन्वयक एवं प्रभारी अधिकारी मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग/विडियोग्राफी श्री रवि कुमार साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व श्री मनीष सोनवानी सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत को नियुक्त किया जाता है।

## कांग्रेस शासनकाल में हमारी बेटियों की सुरक्षा चुनौती बन चुकी है: योगेश्वर

**महासमुंद 19 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ बलात्कार के अपराध बहुत ही तेजी बढ़े हैं। प्रदेश की राजधानी में पेट्रोल डालकर पूर्वी झा को जला दिया गया, जगदलपुर में 13 अगस्त को पूनम मिश्रा को मेडिकल कॉलेज में एक व्यक्ति ने पीटा। बाद में बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया गया तो रात में उसके घर में जबरिया घुसकर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रदेश के मंत्री द्वारा बलरामपुर के दुष्कर्म की घटना को छोटी घटना बताया जाता है और घटना विरोध करने के बजाय बलात्कार के मामलों की तुलना की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्यों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न कर पीड़िताओं को आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया? क्यों आये दिन छत्तीसगढ़ की मासूम बच्चियों के खिलाफ दुष्कर्म की खबरें आ रही है और सरकार इस पर कोई भी सख्त कदम क्यों नहीं उठा रही है? जो प्रशासन जनता की सुरक्षा के लिए होता है, कांग्रेस सरकार में वह प्रशासन महिलाओं के साथ मारपीट क्यों कर रहा है? सूरजपुर में पुलिस द्वारा महिलाओं पर जमकर लाठियां बरसाते और धक्का मुक्की करते हुए वीडियो को पूरे छत्तीसगढ़ ने देखा कि कैसे छत्तीसगढ़ की बहन-बेटियों के साथ कांग्रेस शासन में दुर्व्यवहार हो रहा है।

**एक नजर**

### शासकीय महाविद्यालय छुरा में सलीम मेमन ने फहराया तिरंगा



छुरा, 19 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 15 अगस्त के उपलक्ष्य में शासकीय कचना धुर्वा महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सलीम मेमन ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर में मेमन ने कहा कि सिर्फसीमा में ही खड़े होकर देशभक्ति नही किया जाता अपितु देश हित मे छोटे छोटे कार्य करके भी हम अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभा सकते हैं, उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों से कहा कि आप लोग सिर्फशासकीय नौकरी के भरोसे मत रहें आत्मनिर्भर बने और अपने साथ साथ दुसरो को भी रोजगार दे, उन्होंने कहा कि आज जो हम खुली हवा में सांस ले रहें हैं वो हमारे पूर्वजों के बलिदान के कारण है, हमे उनके बलिदान को नहीं भूलना है और हमेशा तिरंगे का सम्मान करना है, इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान ने कहा कि हमे देश के साम्प्रदायिक ताक़त से बच के रहना है, कर्यक्रम को प्रभार प्राचार्य चन्द्रहास पटेल ने भी सम्बोधित किया।

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रुपए की सहायता

**बलौदाबाजार, 19 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 7 अगस्त 2023 एवं 16 अगस्त 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में हीराबाई पति स्व. राधेश्याम निवासी ग्राम बेल्हा, तहसील पलारी, भगतराम पिता उदेराम, निवासी ग्राम नंदनिया, तहसील कसडोल एवं सोनाराम पटेल पिता संतुराम, निवासी ग्राम मनीपुर तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली, सर्पदंश, तुफानी बारिश में कच्ची झोपड़ी एवं दीवार के टीन सिर पर गिरने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

**आरंग विधानसभा में मंत्री शिव डहरिया से अधिक लोकप्रिय वेदराम मनहरे**

# तीन विधानसभा क्षेत्रों में वेदराम का प्रभाव

## भारतीय जनता पार्टी की टिकिट के लिए सबसे मजबूत दावेदार

✍ नरेन्द्र शर्मा

**तिल्दा नेवरा/खरोरा, 19 अगस्त।** तिल्दा नेवरा रायपुर राजधानी के नजदीक आरंग विधानसभा क्षेत्र जो भारतीय जनता पार्टी के लिए इस बार दमदार साबित होने वाला है क्योंकि इस क्षेत्र में बीजेपी मजबूत रही है लेकिन पिछले चुनाव में कांग्रेस विजय हुई और तभी से यह विधान सभा में कांग्रेस का कब्जा हो गया।

**आरंग विधान सभा में कैसे रहा खेला:** छत्तीसगढ़ के रायपुर की आरंग विधानसभा एससी आरक्षित सीट है. आरंग से कांग्रेस के शिवकुमार दहारिया ने बीजेपी के संजय ढीढी को हरा दिया है।

इससे पहले 2013 में भारतीय जनता पार्टी के नवीन मार्कंड्य ने इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार को बड़े अंतर से मात दी थी. पिछले कुछ दिनों में स्ट्/स्ज्ञ एक्ट को लेकर जिस तरह दलितों में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ गुस्सा बढ़ा उसका फायदा विपक्षी पार्टियां उठाना चाहेंगी.अगर आरंग की बात करें तो इस क्षेत्र का इतिहास काफी पुराना है. इसके अलावा यहां पर कई प्रसिद्ध हिंदू और जैन मंदिर भी मौजूद हैं.

**शिव कुमार डहरिया ने लगाई ताकत:** वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के नगर निकाय मंत्री शिवकुमार डहरिया इस आरंग विधानसभा का कांग्रेस से कार्य कर रहे हालांकि शिवकुमार डेहरिया ने आरंग विधानसभा क्षेत्र में अत्यधिक विकास कार्यो को अंजाम दिया है साथ ही रायपुर राजधानी के नजदीक होने के नाते मंत्री शिव डहरिया पिछले वर्षो से लगातार इस क्षेत्र में अपना जन आधार बढ़ाने में अब तक

**2013 विधानसभा चुनाव, एससी सीट**

नवीन मार्केंड्य, बीजेपी, कुल वोट मिले 59067
रूद्र कुमार गुरु, कांग्रेस, कुल वोट मिले 45293

**2008 विधानसभा चुनाव, एससी सीट**

रूद्र कुमार गुरु, कांग्रेस, कुल वोट मिले 34655
संजय ढीढी, बीजेपी, कुल वोट मिले 33318

**2003 विधानसभा चुनाव, एससी सीट**

संजय ढीढी, बीजेपी, कुल वोट मिले 48556
गंगू राम बघेल, कांग्रेस, कुल वोट मिले 30112 हैं.



कामयाब हुए हैं और इसके चलते शिवकुमार डेहरिया की यह सीट मजबूती की ओर दिखाई दे रही है

**भाजपा देगी वेदराम को टिकिट:** बीजेपी के वेदराम मन्हारे आरंग में पार्टी को जीत दिलाने जब से कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए हैं तभी से विधानसभा का हर गांव को अपनी ओर आकर्षित कर वहां की जनता की सुख दुख में धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस वक्त पूरी रूप से वेदरामन हर के साथ में खड़े हैं और आरंग विधानसभा क्योंकि एक ऐसी विधानसभा है जो बलौदा बाजार धरसीवां विधान सभा को भी प्रभावित कर सकती है भाजपा नेता वेदराम मन्हारे की जनता में लोकप्रियता अभी से नहीं है पिछले 25 वर्षो में वेदराम जहां तिल्दा जनपद में अपना परचम लहराते रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक गतिविधियों के साथ लोगों के सुख-दुख में बढ़ चढ़कर के आगे आ रहे हैं वेदराम मन्हारे ऐसे सशक्त है उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के हो सकते हैं जो मंत्री शिवकुमार दरिया को पटकनी दे सकते हैं।

वेद राम के समर्थन में उनके समर्थकों की हजारों की फौज पार्टी से अलग हटकर वेदराम के लिए बीजेपी के समर्थन से वेद राम मन्हारे को इस विधानसभा का विधायक के रूप में देखना चाहते हैं आरंग विधानसभा के दर्जनों गांव में हमारे सूत्रों ने बताया की वेदराम गांव की जनता को अपना परिवार अभी से नहीं मान रहे हैं वर्षो से परिवार के रूप में देखते हैं उनकी जनता के प्रति सेवा भाव सभी वर्गो को साथ लेने की उनके अंदर शक्ति स्पष्ट दिखाई दे रही है और इस वक्त वेदराम लगातार विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में अपना संपर्क कर चुके हैं भारतीय जनता पार्टी के केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्षो के कार्यो को लेकर वेदराम हर गांव में पहुंचे हैं इसी तरह रायपुर जिला ग्रामीण के इस आरंग विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षो से लगातार युवा मोर्चा महिला मोर्चा किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न आयोजनों में वेदराम की अहम भूमिका देखी दी है और इन आयोजनों में आई भीड़ यह दर्शाती है की आरंग विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक लोकप्रियता में वेदराम मन्हारे स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं।

**आरंग विधानसभा क्षेत्र:** राजधानी से सटे आरंग विधानसभा क्षेत्र को राज्य गठन के पश्चात भी 18 वर्ष तक उपेक्षा का दंश झेलना पड़ा। राजधानी में विकास की चकाचौंध से निकलते ही ग्रामीण रायपुर के इस क्षेत्र की दशा विकास में पिछड़े हुए गांव सदृश ही रही। कांग्रेस की सरकार बनी तो आरंग विधानसभा क्षेत्र के चंदखुरी में स्थित विश्व के एकमात्र माता कौशल्या मंदिर का पुनरोत्थान किया गया। चंदखुरी धर्म पर्यटन का केंद्र बन गया और इसकी चर्चा दुनियाभर में होने लगी। भगवान राम के ननिहाल में उनकी 51 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई। माता कौशल्या व भगवान श्रीराम का आशीर्वाद इस क्षेत्र को मिला तो यहां की दशा ही बदल गई। धूल धूसरित तंग गलियों की जगह चमचमाती फोरलेन व सिक्सलेन सड़कों का विकास होने के साथ ही आरंग में विकास की चकाचौंध दिखने लगी है।

**बीजेपी के दावेदारों में वेदराम मजबूत:** नवीन मार्कण्डे संजय ढीढी श्याम लाल नारंग चंद्र कुमार पाटिल है लेकिन सबसे मजबूत दावेदार वेदराम दिख रहे है अब देखना है इस क्षेत्र से बीजेपी किस पर भरोसा करती है।

**मंत्री अकेले हैं दावेदार:** कांग्रेस में दावेदार में मंत्री शिव डहरिया ही अब तक दिख रहे है कारण सरकार में ताकतवर मंत्री है और कांग्रेस के सगठन में भी अनुभव है जनाधार भी है इस कारण जनता का मानना है की मंत्री इस सीट से ही लड़ सकते है।

# पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 19 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर उदयन बेहार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में महिला पर घटित जघन्य अपराध में अंकुश लगाने गिरफ्तार किया गया है। 17 अगस्त को रात्रि करीब 20:45 बजे मिशन अस्पताल तिल्दा से अस्पताली मेमो प्राप्त हुआ जिसमें एक महिला को चाकू मारकर घायल अवस्था में भर्ती होना लेख था कि सूचना पर मिशन अस्पताल तिल्दा पहुँचकर घायल महिला से पूछताछ करने पर जो बतायी कि यह अपने मम्मी पापा के बनाये हुये घर में अपने दो बच्चों के साथ रहती है तथा विगत 05 वर्ष से इसका पति अलग रहता है जो इसके चरित्र के उपर शंका करता है। यह मिशन अस्पताल तिल्दा में खाना बनाकर घर आयी थी कि रात्रि 20:30 बजे इसका पति चरित्र शंका कर अचानक इसके उपर प्राणघातक हमला कर धारदार किसी चीज से इसके गर्दन पर वार किया यह देखकर पलटने से इसके मुँह जबड़ा एवं कान में चोट लगा है बतायी कि रिपोर्ट पर धारा 307 भादवि का जुर्म घटित होना पाये जाने अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना के घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार कर भौतिक साक्ष्य खून आलूदा मिट्टी, सादी मिट्टी जप्त किया जाकर प्रार्थिया/मुतर्जर व गवाहो से पूछताछ कर कथन लिया गया। प्रार्थिया/मुतर्जर का घटना समय पहना कपड़ा कुर्ती व चुनरी जिसमें खून जैसा दाग लगा है जप्त किया गया। आरोपी निर्मल सिंग उर्फभुरू का पतातलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया जिसका कथन लेखबद्ध किया जाकर मेमोरण्डम कथनानुसार घटना में प्रयुक्त एक नग स्टील का चाकू धारदार टूटा हुआ जिसमें खून जैसा दाग लगा है को जप्त किया गया।

## गोरक्षा आंदोलन के प्रेरणास्त्रोत स्वामी करपात्री महाराज की जयंती मनाई गई



**भाटापारा, 19 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की जयंती समारोह के उपलक्ष में आज मारवाड़ी कुमार शिव मंदिर प्रांगण में दिव्य रुद्राभिषेक समारोह सत्संग संगोष्ठी का भव्य कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ इस अवसर पर शास्त्री जी ने अपने सारगर्भित प्रवचन में भक्तों को स्वामी जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर धर्म संस्कृति समाज एवं राष्ट्र के लिए सनातन परंपरा का अनुपालन करते हुए जन जागरण का कार्य सक्रियता पूर्वक करते रहने का संदेश दिया स्वामी करपात्री जी महाराज ने विषम परिस्थितियों में स्वधर्म का पालन करते हुए भारतीय संस्कृति वर्णाश्रम धर्म व्यवस्था वैदिक परंपरा अनुकूल देश में दिव्य वातावरण निर्माण के साथ धर्म नियंत्रित पक्षपात विहीन शोषण मुक्त सर्वहितप्रद सनातन शासन तंत्र की स्थापना हेतु जीवन पर्यंत अद्भुत प्रयास कर धर्म संघ राम राज्य परिषद के माध्यम से अलौकिक उदाहरण प्रस्तुत किया भारत की अखंडता एवं धर्म सापेक्ष राजनीति की स्थापना तथा हिंदुओं के प्रशस्त मान बिंदुओं की रक्षा हेतु बड़े-बड़े क्रांतिकारी आंदोलनों का नेतृत्व कर धर्म जागरण के द्वारा लोगों के हृदय में ईश्वर धर्म तथा राष्ट्र के प्रति विशेष भावना जागृत किया भौतिकवादी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोकने में स्वामी करपात्री जी महाराज का योगदान इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु महान यज्ञ का संपादन एवं दिल्ली में गौ रक्षा के लिए उन्होंने संसद का घेराव करवाकर अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया जिसमें 1000000 गौ भक्त उपस्थित हुए थे उन्होंने व्यास परंपरा के अनुसार गुप्त ज्ञान विज्ञान को प्रकट किया विकृत ज्ञान विज्ञान को शोधन किया तथा सूत्रात्मक ज्ञान को विस्तारित कर अनेकों ग्रंथों की रचना की आज उनके द्वारा लिखित ग्रंथों का अधिक से अधिक प्रचार की आवश्यकता है जैसे कि वेदार्थ पारिजात, भक्ति सुधा, विचार-विमर्श तथा रामायण मीमांसा आदि अद्भुत ग्रंथ अनुशीलन करने योग्य है उनके द्वारा प्रदर्शित आदर्श मार्ग अत्यंत उपयोगी है।


## आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गजानंद वर्मा निवासी ग्राम बेलगांव तह. डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं। यह कि श्रीमति पुष्पालता जैन पति रानीदान के भूमि स्वामी हक एवं स्वामित्व में ग्राम बेलगांव प.ह.न. 04 डोंगरगढ जिला राजनांदगांव में ख. नं. 1081 क्षेत्रफल 1.00 एकड़ परिवर्तित आवासीय संपत्ति स्थित है। यह संपत्ति मैंने श्रीमती पुष्पालता जैन से खरीदी है इस कारण श्रीमती पुष्पालता जैन की पुरानी रजिस्ट्री मेरे पास थी। यह कि इस संपत्ति की मूल रजिस्टर्ड सेल डीड जिसका पुस्तक क्र. अति. 01 ग्रंथ क्रं.2 1824 प्रविष्टी क्रं. 761 पेज नं. 41/44 दिनांक 14/10/2012 है जो मेरे पास थी। लगभग 06 दिन पहले मैं उक्त सेल डीड को एक काले रंग के बैग में बाईक के डिक्की मे रखकर बेलगांव बाजार गया हुआ था। वापस आने पर देखा कि डिक्की से मेरा बैग एवं उसमे रखी उपरोक्त वर्णित रजिस्ट्री गायब है। मैने उसे ढूंढने का बहुत प्रयास किया, परंतु उक्त बैग एवं विक्रय पत्र कहीं नहीं मिला। इस संबंध में दिनांक 11/08/2023 को श्रीमान एसपी महोदय राजनांदगांव को असल विक्रय पत्र एवं बैंग गुम होने की रिपोर्ट की है। उक्त बैग एवं उपरोक्त संदर्भित विक्रय पत्र मिलने पर मुझे मेरे मो. नं. 9691992657 पर सुचित करें। यदि इस संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित किसी व्यक्ति का कोई हित दावा या उजर हो तो इस प्रकाशन के 07 दिन के अंतर्गत मय दस्तावेजों के साथ मेरे निवास स्थान ग्राम बेलगांव वार्ड नं 13 तहसील डोगरगढ़ में मुझसे संपर्क करें।

**स्थान- डोगरगढ़**
**दिनांक- 11/08/2023**

**गजानंद वर्मा**
**आ. बृजलाल वर्मा**
**ग्राम-बेलगांव, तह.-डोगरगढ़**
**जिला-राजनांदगांव**

(मुहर)

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बालोद जिला-बालोद (छ.ग.)

**रा.प्र.क्र. अ-6-अ वर्ष 2022-23**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयान्तर्गत आवेदक कुलदीप कुमार पिता स्व. श्री बिरेन्द्र कुमार अन्य 01 जाति तेली निवासी ग्राम भेंगारी तह, व जिला बालोद द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि श्री कुलदीप कुमार पिता बिरेन्द्र कुमार के नाम पर ग्राम भेंगारी प.ह.नं. 14 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 281/2 रकबा 0.05 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है एवं श्री भूपेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री थानसिंह के नाम पर ग्राम भेंगारी प.ह.नं. 14 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 281/1 रकबा 0.07 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त राजस्व अभिलेख का बी-1 में खसरा नं. 281 /2 श्री भूपेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री थानसिंह के नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर अभिलेख दुरुस्त किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में नियत 01.09.2023 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

(मुहर)
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बालोद, जिला-बालोद**


# 6 सालों में नहीं हो पाई योग शिक्षक की भर्ती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 अगस्त।** स्वामी आत्मानंद एक योगी सन्यासी थे,



परन्तु उनके नाम पर सरकार द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे योग शिक्षा नहीं दी जाती क्योंकि उन्हें योग शिक्षा को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित योग शिक्षित की आवश्यकता होती है जिसकी भर्ती आज तक नहीं हुई है। समय-समय पर राज्य के योग के डिग्रीधारी आंदोलन तथा धरणा शांति पूर्ण रूप से किया गया है तथा राज्य के सभी विधायकों सभी मंत्रियों को तथा राज्य पाल तक को योग शिक्षक भर्ती के लिए ज्ञापन विगत वर्षो से किया जा रहा है, लेकिन आज तक योग शिक्षक भर्ती पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। पूरे राज्य में लगभग 30 हजार से अधिक डिग्री डिप्लोमा धारी योग शिक्षक हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसमे सबसे पहले योग आयोग का गठन हुआ। योग आयोग के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में योग शिक्षक भर्ती होनी थी लेकिन आयोग गठन के छः साल होने पर योग शिक्षकों की भर्ती अभी तक नही हो पाई है। योग एक ऐसी विधा है जिसमे दुनिया की सभी समस्याओं का हल हैं, इसीलिए पुरी दुनिया 21जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप मे मनाती है। योग मे एम. ए., आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा एवं अन्य संस्थानों से प्रशिक्षित योगाचार्य मिथलेशा कुमार सिन्हा ने योग के बारे मे उनके फायदे बताते हुए कहा कि योग के अभ्यास से व्यक्ति चरित्रवान, शीलवान, गुणवान, संस्कार कान देशभक्त, प्रकृति प्रेमी एवं उज्वल ज्ञान वाले होते हैं योग से व्यक्ति के रोग ही ठीक नही होते अपितु वह निरोगी जीवन पाता है। श्री सिन्हा का कहना है कि शिक्षा जगत में योग की शिक्षा बहूत ही आवश्यक है क्योंकि आज के वर्तमान परिवेश में ज्यादातर छात्र एवं छात्राएं शारीरिक, मानसिक रूप से अस्वस्थ रहते हैं. जिनके कारण उनमें शिक्षा का विकास जितना होना चाहिए. उतना नहीं हो पा रहा है। फलतः वो लोग अपनी मंजिल तक पहुंचने में असफल हो जाते हैं यदि उन्हें जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति करनी है तो योग का अभ्यास आवश्यक है. सामाजिक जीवन में जो नीरस एवं निर्जीव जीवन व्यतीत करते हैं उन्हें भी योग का सहारा लेना चाहिए. खासकर छात्र योग के बल पर अपने मस्तिष्क को शुद्ध करके विचार शक्ति को बढ़ा सकते हैं. अक्सर देखा जाता है की जीवन के निर्माण के समय छात्र मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं जो कभी उनके लिए लाभकारी नहीं हो सकता है. योग के नियमित अभ्यास से उनसे छुटकारा मिल सकता है. योग उन्हें अंतिम लक्ष्य तक ले जायेगा इसके परे कोई लक्ष्य नहीं है. बालक के अंदर अपार क्षमताएं होती हैं। उन क्षमताओं को जगाने का काम योग के माध्यम से होता है। योग से बालक बंशानुगत रोगो से बच सकता है। योग के इन्ही लाभ को देखते हुए योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने इस योग शिक्षा विषय को स्वामी आत्मानंद स्कूल, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, नवोदय एवं समस्त छात्रावासों के साथ समस्त विद्यालयों मे योग शिक्षक की भर्ती किया जाए। चूंकि सरकार के द्वारा हर वर्ष योग शिक्षा के लिए कक्षा पहली से बारहवी तक पुस्तक वितरित किए जाते हैं जिस पर हर वर्ष करोडो रूपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन विषय विशेषज्ञ नही होने के कारण उस पुस्तक को कोई पढ़ाता ही नहीं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई (छ.ग.)

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

**क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2023/742/264** | **भिलाई, दिनांक 16/8/23**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (राशि रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड किये जाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 144500 | वार्ड क्र. 47 पं. जवाहर लाल नेहरू उच्च. माध्यमिक विद्यालय में इंग्लिश मीडियम स्कूल हेतु भूतल पर भवन निर्माण कार्य। (तृतीय बार) | 49.77 | 25.08.2023 |
| 2 | 144501 | वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित डीआईसी मैदान में प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य विकास कार्य। | 25.00 | 05.09.2023 |
| 3 | 144502 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत पावर पंप के माध्यम से सार्वजनिक जल प्रदाय कार्य हेतु अस्थाई (पंप चालक) श्रमिक प्रदाय कार्य। (तृतीय बार) | 24.63 | 01.09.2023 |

निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**(घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।)**

**जोन आयुक्त**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Palikakharsia@gmail.com | Tel Phone No. 07762-272277

**क्रमांक/657/न.पा.प./लो.नि.वि./2023** | **खरसिया, दिनांक 18/08/2023**

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री के माध्यम से निम्नांकित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन करने की अंतिम तिथि - **04/09/2023** **समय सायं 5.00 बजे तक**
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - **07/09/2023** **समय दोपहर 3.30 बजे तक**
3. निविदा प्रपत्र खोलने का समय एवं तिथि - **07/09/2023** **समय सायं 4.30 बजे**

| ग्रुप क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) | अमानत राशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में | निविदा प्रपत्र का मूल्य डी.डी. के रूप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 07 में राठौर समाज भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) (अध्यक्ष/पार्षद मद) | 4.30 | 4500.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 2 | वार्ड क्र. 13 में स्थित सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार का कार्य। (PWD Building SOR 01.01.2015) (अधोसंरचना मद) | 4.34 | 4500.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 3 | अधिवक्ता संघ खरसिया के नए कोर्ट रूम के लाईब्रेरी हेतु किताबें, फर्नीचर एवं कम्प्यूटर सेटअप क्रय कार्य। | 10.00 | 10000.00 | प्रपत्र (B) 750/- |

**टीप:-**

1. अन्य शर्तें एवं नियम कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
2. लिफाफा में uad.cg.gov.in से फार्म A एवं B डाउनलोड कर पूर्ण भरकर प्रस्तुत करना होगा, ओव्हर राईटिंग काट छांट निविदा प्राप्त नहीं किया जावेगा। एवं ऐसी निविदा प्रपत्र निरस्त कर दी जावेगी, निविदा खोलने की तिथि के निर्धारित समय में ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं, प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। तथा लिफाफा प्रपत्र A एवं B निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि 'मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद खरसिया के नाम से देय होगा।
3. उक्त दिवस में निविदा खोलने संबंधित कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं होने पर अन्य दिवस में निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी। **(नगर पालिका का समस्त करों का समय पर भुगतान करें।)**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खरसिया**

## कार्यालय जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

**क्रमांक 26/न.पा.नि./जोन-10/23-24** | **रायपुर, दिनांक 10.08.2023**

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - **28.08.2023** **कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक**
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - **29.08.2023** **कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक**
03. निविदा जमा करने की तिथि - **06.09.2023** **कार्यालयीन समय 3:00 बजे तक**
04. निविदा खोलने की तिथि - **06.09.2023** **कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक**

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 अंतर्गत सी.सी. नाली एवं आर.सी.सी. कवर निर्माण कार्य। | 3.47 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह |
| 02 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 हेतु नालियों में जाली एवं सार्वजनिक शौचालय में मरम्मत कार्य। | 0.92 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 03 माह |
| 03 | बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पाईप लाईन लिकेंज मरम्मत कार्य। | 3.96 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 06 माह |
| 04 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पाईप लाईन लिकेंज मरम्मत कार्य। | 3.98 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 06 माह |
| 05 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 50 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली एवं कवर करने का कार्य। | 3.89 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह |
| 06 | जोन अंतर्गत बिछाये गये प्रमुख जल वाहिनी एवं डिस्ट्रीब्यूशन लाईन के मरम्मत कार्य। | 3.91 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह |
| 07 | अमृत मिशन योजनांतर्गत रायपुर जल आवर्धन योजना फेस-01 अंतर्गत ग्राम देवपुरी एवं बोरियाखुर्द में निर्मित उच्चस्तरीय जलागार परिसर में बने गार्ड रूम हेतु गार्ड की व्यवस्था करने बाबत्। | 6.19 | 4700/- | 750/- | लेबर | प्रपत्र 'ब' (कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर) | 12 माह |

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब,स अंकित होना अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने की तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक साल्वेंसी, अंतिम तीन साल आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर. अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मो के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
9. स.क्र.07 में लेबर रजिस्ट्रेशन, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी., बैंक साल्वेंसी, लास्ट तीन साल का आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर., आमनती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
10. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मो के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
11. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
12. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियां कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
13. ठेकेदार को From A&B में दिये गये सभी शर्तें के अनुसार कार्य किये जाना अनिवार्य है।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

# 90 सीटों के लिए कांग्रेस को अब तक मिले 350 से अधिक दावेदार

**रायपुर, 19 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारों ने ताल ठोंकना शुरू कर दिया है। सत्तासीन कांग्रेस पार्टी में अब तक 90 विधानसभा सीट के लिए 350 से अधिक दावेदारों ने अपना आवेदन जमा किया है। यह आंकड़ा अभी और बढ़ेगा, इस बात की पूरी संभावना बनी हुई है।

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से ब्लाक कांग्रेस कमेटी में कार्यकर्ता टिकट की दावेदारी के लिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया गुरूवार से शुरू हो गई है, टिकट की चाह रखने वाले कार्यकर्ताओं द्वारा मल्टीकलर और कलरफूल बायोडाटा जमा किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो प्रदेशभर के 90 सीटों के लिए करीब 350 दावेदारों ने टिकट के लिए अपनी दावेदारी कर दी है। इस लिहाज से प्रत्येक विधानसभा सीट के लिए अभी तक 5 से 14 प्रत्याशी सामने आ चुके हैं। बताया जाता है कि कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने जनप्रतिनिधियों ने फिलहाल आवेदन नहीं किया है। वहीं कांग्रेस में अब तक मिले आवेदनों में सबसे ज्यादा दावेदार रायपुर और बिलासपुर संभाग से सामने आ रहे हैं। दुर्ग संभाग में दावेदारों की संख्या कम है। जबकि बस्तर और सरगुजा संभाग में एक सीट पर दो से तीन दावेदारों ने पहले दिन आवेदन किया। आवेदन की यह प्रक्रिया 22 अगस्त तक चलेगी। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी 29 अगस्त तक नाम का पैनल बनाकर इसे प्रदेश चुनाव समिति को भेजेगा।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ होगा मृदा संरक्षण

**रायपुर, 19 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ में किसानों की आय में बढ़ोत्तरी और पर्यावरण सुधार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' प्रारंभ की गई है। इसका क्रियान्वयन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसकी सराहना 'रैली फॉर रिवर्स ' अभियान द्वारा की जा चुकी है। 'रैली फॉर रिवर्स ' ने ट्वीट में लिखा है कि वाणिज्यिक वृक्षारोपण के जरिए किसानो की आमदनी में बढ़ोत्तरी के लिए राज्य सरकार की यह एक अद्भुत पहल है।

# मतदाताओं को प्रेरित करने चलेगा अभियान

**रायपुर,19 अगस्त।** आज रायपुर ज़िले की स्वीप समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभागार में कलेक्टर और ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सर्वेश्वर भुरे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान रायपुर ज़िले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और सभी मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक करने पर चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने सभी वर्ग के मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। डॉ.भुरे ने इस अभियान के दौरान केवल मतदान के तरीक़े ही नहीं बल्कि मतदान का महत्व, मतदान केंद्रों पर सुविधायें, ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन कर लोगो को विस्तार से जानकारी देने के निर्देश दिये। अब आगामी विधानसभा निर्वाचन पर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा




कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व समझाने और सरल तरीक़े से वोट देने की जानकारी देने से ही ज़िले में मतदान बढ़ेगा। उन्होंने पिछले निर्वाचन में कम मतदान वाले एरिया की पहचान कर वहाँ गहन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का काम निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के भी निर्देश दिये ताकि मतदाताओं को समय पर जानकारी मिल सकें और मतदाता वोट डालने के लिए मानसिक रूप से ख़ुद को पहले से ही तैयार कर सकें। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, स्वीप के नोडल अधिकारी और ज़िला पंचायत सी ई ओ अविनाश मिश्रा सहित सभी रिटर्निंग ऑफ़िसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और स्कूल-कालेजों, सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता प्रेरक कार्यक्रमों के आयोजन के भी निर्देश दिए। डॉ.भुरे ने सभी मतदाता वर्गों जैसे महिला, पुरुष, ट्रांसजेंडर, युवाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों- बुजुर्गों, नव विवाहित बहुओं , कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों से लेकर पत्रकारों और सरकारी सेवारत लोगों के लिए अलग अलग प्रेरक कार्यक्रम करने पर जोर दिया। डॉ भुरे ने इन कार्यक्रमों में नवाचार को भी शामिल करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले लोगों- संस्थाओं को पुरस्कृत करने को भी कहा।

बैठक में मतदाताओं का जागरूक करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में मतदान के महत्व को समझाने हेतु रंगोली, नारा लेखन, वाद-विवाद, निबंध, प्रमुख चौराहे, बस स्टैंड पर पोस्टर, होर्डिंग, नाटक, मानव श्रृंखला का निर्माण, सेल्फी जोन का निर्माण, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्लोगन जैसे अन्य आवश्यक कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान के महत्व की बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए गए।

# मामूली बात पर युवक से मारपीट

**रायपुर, 19 अगस्त ।** ग्राम बेहराडीह में दुकान के सामने गाली-गलौज करने से मना करने पर तीन लोगों ने दुकान संचालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरभजन सिंह बांधे 28 वर्ष ग्राम बेहराडीह में किराना दुकान चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी प्रताप कुर्रे, चंद्रभान व अन्य प्रार्थी के दुकान के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




# आंदोलनकारी सहायक शिक्षक- समग्र शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**रायपुर, 19 अगस्त ।** राज्य शासन ने आंदोलन में शामिल सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक (एलबी) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय ने भी इस पर फौरी कार्यवाही करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशानुसार कार्रवाई करने कहा है। ज्ञात हो कि राज्य के सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक (एलबी) छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर 10 अगस्त से (पूर्ण सेवा की गणना कर सही वेतन निर्धारण/वेतन विसंगति) को दूर करने के लिए अनाधिकृत रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। उनके द्वारा 18 अगस्त 2023 को जेल भरो आंदोलन की रणनीति बनाई गई। इस हड़ताल से स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

# सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 19 अगस्त।** टिकरापारा स्थित रावतपुरा कालोनी फेस-2 के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मेघा चौबे 32 वर्ष रावतपुरा कालोनी फेस-2 की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने परिवार के साथ 16 अगस्त को बाहर गई थी। जब 18 अगस्त को वापस लौटी तो देखा की उसके घर का ताला टूटा हहुआ है और आलमारी में रखे नकदी 5 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 5 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23